चैत्र शुक्ल - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 263 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 22-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

तक्षिण् पारत् राष्ट्रमत् | दिनसरी हिन्दी नाळितழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 मैं यहां राजनीति में बने रहने, लोगों से जुड़े रहने के लिए आया हूं : यूसुफ पठान

6 विश्व पुस्तक दिवस विशेष : सबसे अच्छी दोस्त की पहचान ही नहीं

7 'कल्कि 2898 एडी' के नये पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक रिलीज



## फर्स्ट टेक

### अवैध रूप से नकदी ले जाने पर भाजपा नेता, दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलूरु/भाषा।** कार में अवैध रूप से दो करोड़ रुपये नकदी ले जाने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय सचिव लोकेश अंबेकल्लू और दो अन्य के खिलाफ रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मामला शनिवार को तब सामने आया जब चामराजपेट की स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने शाम करीब चार बजे दो करोड़ रुपये की नकदी ले जा रही एक कार को रोका और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन हुआ और प्राप्तकर्ता की सूची पेश नहीं की गई। उन्होंने बताया कि धन का इस्तेमाल चुनाव में प्रलोभन के लिए किया जा सकता है, इस संदेह के आधार पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की प्रासंगिक धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

### सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज

**सूरत (गुजरात)/भाषा।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रथम दृष्टया प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में विसंगतियां पाईं। सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अमान्य करार दिया गया, जिससे विपक्षी पार्टी इस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव मैदान से बाहर हो गई। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने अपने आदेश में कहा कि कुंभाणी और पडसाला द्वारा सौंपे गए चार नामांकन फॉर्म को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया विसंगतियां पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया।

### शराब 'घोटाला' मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी टुटेजा गिरफ्तार

**रायपुर/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर स्थित आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के कार्यालय से हिरासत में लिया, जहां वह और उनके बेटे यश टुटेजा इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 22-04-2024 5:51 बजे | 23-04-2024 6:22 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,088.33 | 22,147.00 |
| (+599.34) | (+151.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,651 रु. | 90,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### घायल लोकतंत्र

है विकास के मुद्दे गायब,
हुई सियासत जाति धर्म की।
सब दल थोंप रहे प्रत्याशी,
फिक्र नहीं अब श्रेष्ठ कर्म की।
अमर्यादित बोल रहे सब,
लुटिया डूबी लाज शर्म की।
नेताओं को नहीं है चिंता,
घायल होते लोक मर्म की।।

# कठिन समय में तीर्थंकरों की शिक्षा और अधिक प्रासंगिक : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मृति डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया और जैन समुदाय को उनके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में छिड़े युद्ध के समय तीर्थंकरों की शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत विभाजित दुनिया में 'विश्व-बंधु' के रूप में अपनी जगह बना रहा है। मोदी ने यहां भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर कहा कि भारत दुनिया के सामने मौजूद समस्याओं के समाधान के तौर पर सच्चाई एवं अहिंसा के मंत्रों को आत्मविश्वास के साथ पेश कर रहा है और उसकी सांस्कृतिक छवि भी इसमें अहम भूमिका निभा रही है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मृति डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया और जैन समुदाय को उनके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया।

पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने पर ऐसे समय में विरासत के साथ-साथ भौतिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जब देश निराशा में डूबा हुआ था।

मोदी ने अपनी सरकार द्वारा योग और आयुर्वेद जैसी भारतीय विरासत को बढ़ावा दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी अब मानती है कि स्वाभिमान ही उसकी पहचान है।

स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका 'वर्तमान में वर्धमान' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं का समर्पण और प्रतिबद्धता देश के सही दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है।

मोदी ने जैन समुदाय के संतों को नमन किया और महावीर जयंती के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों के समय में तीर्थंकरों, श्रद्धेय आध्यात्मिक जैन गुरुओं की शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। मोदी ने अनेकांतवाद और स्यादवाद जैसे दर्शनों को याद किया जो लोगों को सभी पहलुओं को देखना और दूसरों के विचारों को भी स्वीकारना सिखाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज संघर्षों में फंसी दुनिया भारत से शांति की अपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के इस नई भूमिका का श्रेय देश के बढ़ते सामर्थ्य और विदेश नीति को दिया जा रहा है। लेकिन इसमें भारत की सांस्कृतिक छवि का बहुत बड़ा योगदान है। मोदी ने कहा, आज भारत इस भूमिका में आया है, क्योंकि आज हम सत्य और अहिंसा जैसे व्रतों को वैश्विक मंचों पर पूरे आत्मविश्वास से रखते हैं। हम दुनिया को बताते हैं कि वैश्विक संकट और संघर्षों का समाधान भारत की प्राचीन संस्कृति और प्राचीन परंपरा में है। इसीलिए, आज विभाजित दुनिया में भारत विश्व-बंधु के रूप में अपनी जगह बना रहा है।

# 'मोदी सरकार' फिर से सत्ता में आयी तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सतना (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि यदि ''मोदी-शाह सरकार'' फिर से सत्ता में आयी, तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ बोलने का भी आरोप लगाया।

खरगे ने मध्य प्रदेश के सतना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और दावा किया कि वे संविधान को भी खत्म कर देंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा, ''वे बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को खत्म कर देंगे। यदि आप इसे (संविधान को) तथा महिलाओं, मजदूरों और किसानों के वोट देने का अधिकार बरकरार रखना चाहते हैं, तो कांग्रेस और उसके 'पंजा' (हाथ) चुनाव चिह्न को वोट दें।''

भाजपा विपक्ष के इन आरोपों को खारिज करती रही है कि केंद्र में तीसरी बार चुने जाने पर वह संविधान में छेड़छाड़ करेगी। कांग्रेस के एक नेता ने पहले कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सतना में रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम था, लेकिन उनकी तबीयत खराब हो जाने के कारण उनका दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा था कि गांधी की जगह खरगे रैली को संबोधित करेंगे। बाद में, खरगे ने कहा कि गांधी 'फूड पॉइजनिंग' से पीड़ित हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में, 26 अप्रैल को सतना सीट पर मतदान होना है।

# पीओके हमारे साथ था, है और हमेशा साथ रहेगा : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिलीगुड़ी/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत में हो रहे विकास कार्यों को देखकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे। सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश तेजी से रक्षा उपकरणों का आयातक की बजाय निर्यातक देश बन रहा है।

राजनाथ ने दार्जिलिंग निर्वाचन क्षेत्र के सिलीगुड़ी में भाजपा उम्मीदवार राजू बिस्ता के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारे साथ था, है और हमेशा साथ रहेगा।'' उन्होंने दावा करते हुए कहा, ''जिस तरह से देश का विकास हो रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग खुद ही भारत के साथ रहने की मांग करेंगे।''

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भारत ने ऐसा कद हासिल कर लिया है कि दुनिया में कोई भी देश को डरा नहीं सकता। सिंह ने यह भी कहा कि भारत दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन अगर हमारे मामले में हस्तक्षेप किया जाता है... तो आप समझते हैं कि क्या होगा।'' उन्होंने कहा कि भारत आगामी कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

# 'इंडि' गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हुबली (कर्नाटक)/भाषा।** विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के दलों पर वंशवादी राजनीति का आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को दावा किया कि 'घमंडिया' दलों के सदस्य या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई एक पार्टी है जो लोकतंत्र का सम्मान करती है, तो वह भाजपा है क्योंकि यह आम लोगों को आगे बढ़ने और नेता बनने का मौका देती है।

नड्डा ने यहां विभिन्न समुदायों के नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''एक तरफ, 'इंडि' के नाम पर 'घमंडिया' गठबंधन है और दूसरी तरफ, एक लोकतांत्रिक भाजपा है जो सामान्य परिवारों के लोगों को आगे बढ़ने और नेता बनने का मौका देती है।''

भाजपा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' का मजाक उड़ाने के लिए 'घमंडिया' शब्द गढ़ा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला-उमर अब्दुल्ला, मुफ्ती मोहम्मद सईद-महबूबा मुफ्ती, प्रकाश बादल-सुखबीर बादल, चौटाला परिवार, मुलायम-अखिलेश-डिंपल यादव परिवार, लालू-राबड़ी-तेजस्वी-तेजप्रताप यादव परिवार, ममता बनर्जी-अभिषेक, केसीआर-केटीआर-कविता, करुणानिधि-स्टालिन-उदयनिधि, शरद पवार-सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे-आदित्य ठाकरे की पार्टियां 'वंशवादी दल' हैं। नड्डा ने पूछा, ''क्या सोनिया-राहुल-प्रियंका वशंवादी राजनीति का रूप नहीं हैं?'' उन्होंने कहा कि 'इंडि' गठबंधन के अधिकांश सदस्य या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन शामिल हैं।



**नेहा हिरेमथ हत्या मामला**

# नड्डा ने सिद्दरामैया पर मामला 'कमजोर' करने का आरोप लगाया

**हुबली (कर्नाटक)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने 23-वर्षीया कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या मामले की रविवार को सीबीआई जांच की मांग की। भाजपा अध्यक्ष ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और राज्य के गृहमंत्री जी. परमेश्वर पर नेहा की हत्या की जांच को ''प्रभावित और कमजोर करने'' का आरोप भी लगाया।

नड्डा ने नेहा हिरेमथ के घर का दौरा किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बाद में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पीड़िता को न्याय मिले इसके लिए अगर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत पड़ी तो भाजपा सहयोग करेगी।

# केजरीवाल ने एम्स विशेषज्ञों के सामने इंसुलिन का मुद्दा नहीं उठाया : तिहाड़ प्रशासन

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के वरिष्ठ विशेषज्ञों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था की, जिसके दौरान न तो ''केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा उठाया, न ही चिकित्सकों ने इसका सुझाव दिया।'' आम आदमी पार्टी (आप) ने तिहाड़ प्रशासन पर मधुमेह से पीड़ित केजरीवाल को इंसुलिन देने से इनकार करने का आरोप लगाया है।

तिहाड़ प्रशासन ने रविवार को एक बयान में कहा कि एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केजरीवाल को परामर्श प्रदान किया। एक जेल अधिकारी ने कहा, ''लगभग 40 मिनट के विस्तृत परामर्श के बाद, केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई गंभीर चिंता नहीं है और उन्हें निर्धारित दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई, जिसका मूल्यांकन और समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी।''

# आरसीबी पर केकेआर की जीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंडियन प्रीमियर लीग 2024**



**कोलकाता/भाषा।** फिल सॉल्ट और कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार बल्लेबाजी के बाद आंद्रे रसेल (25 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में दबाव में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी।

सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई।

विल जैक्स (32 गेंद में 55 रन) और रजत पाटीदार (23 गेंद में 52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए।

आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।

केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण और हर्षित राणा को दो-दो सफलता मिली। वरुण चक्रवर्ती और स्टार्क ने एक-एक विकेट चटकाए। मौजूदा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क ने अपने तीन ओवर में 55 रन लुटाए।

# सूर्य के बारे में डेटा लगातार भेज रहा है आदित्य मिशन : इसरो प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस. सोमनाथ ने रविवार को कहा कि देश की प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी का आदित्य-एल(1) सौर मिशन लगातार सूर्य के बारे में डेटा भेज रहा है।

आभूषण कंपनी पी सी चंद्रा ग्रुप द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद सोमनाथ ने यहां पत्रकारों से कहा कि अंतरिक्ष यान के कई उपकरण कई पहलुओं पर डेटा फीड करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम सूर्य को निरंतर तरीके से देख रहे हैं, जिसमें पराबैंगनी चुंबकीय चार्ज गणना, कोरोना ग्राफ अवलोकन, एक्स-रे अवलोकन और अन्य चीजें शामिल हैं।''

भारत का पहला सौर मिशन यान आदित्य-एल(1) दो सितंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था।

सोमनाथ ने संवाददाताओं से कहा, ''हम इस उपग्रह को पांच साल के लिए रख रहे हैं और प्राप्त गणनाओं का विश्लेषण दीर्घकालिक उपाय के रूप में किया जाएगा। यह आपकी तत्काल खबर की तरह नहीं है कि आज सूर्य के बारे में कुछ बताया गया है, कल कुछ और होगा, चीजें हर दिन बदल रही होंगी।'' उन्होंने कहा कि सभी गणनाएं अभी होंगी लेकिन नतीजे बाद में पता चलेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या यह मिशन सूर्य ग्रहण पर प्रकाश डाल सकेगा, सोमनाथ ने कहा, ''ग्रहण तब होता है जब सूर्य चंद्रमा द्वारा अवरुद्ध हो जाता है। जाहिर है, हमारा मिशन ग्रहण से पहले, ग्रहण के दौरान और उसके बाद में सूर्य के बारे में डेटा भी एकत्र कर रहा है।''

# मालदीव के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया

**माले/भाषा।** मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 60 से अधिक सीट पर जीर्त दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाने के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है। खबर में शुरुआती नतीजों के हवाले से बताया गया कि मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने 93 सदस्यीय पीपुल्स मजलिस में 60 से अधिक सीट हासिल कीं, जो लगभग दो-तिहाई बहुमत है।

# वंशवादी राजनीति को बचाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं विपक्षी दल : नड्डा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए दावा किया कि ये पार्टियां अपनी वंशवादी राजनीति को बचाने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं।

नड्डा ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में एक स्थिर सरकार दी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ''तीन तलाक'' और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया गया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र में बड़े-बड़े दावे करते थे और सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करना भूल जाते थे।

नड्डा ने कहा, देश में विपक्षी दल अब अपनी वंशवादी राजनीति को बचाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) हो या फिर उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी)। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में एक स्थिर सरकार दी है, जिससे तीन तलाक और राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का हल करने में मदद मिली।

उन्होंने कहा, हमने बेघर लोगों को हजारों आवास उपलब्ध कराए और विभिन्न सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया, जिससे ग्रामीण लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ।

नड्डा ने कहा कि भाजपा नीत सरकार नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लाई, जो उत्पीड़ित हिंदुओं, पारसियों और ईसाइयों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए) को भारतीय नागरिकता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनकी मदद के लिए कभी ऐसे कदम नहीं उठाए।

नड्डा ने कहा, मोदी के सत्ता में आने के बाद देश की राजनीति बदल गई और सरकार लोगों के प्रति अधिक जवाबदेह हो गई। एक तरह से सरकार अधिक जिम्मेदार हो गई है।

महाराष्ट्र में बुलढाणा और सात अन्य लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।



# चंद्रबाबू ने विस और लोस चुनाव के लिए 161 तेदेपा उम्मीदवारों को सौंपे नामांकन फार्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने 13 मई को आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए रविवार को 161 उम्मीदवारों को नामांकन फॉर्म सौंपे।

नायडू ने आंध्र प्रदेश के उंदावल्ली स्थित अपने आवास पर आयोजित एक समारोह में उम्मीदवारों को यह 'बी-फार्म' सौंपा। 'बी-फार्म' किसी राजनीतिक दल के अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित एक नामांकन दस्तावेज है, जिस पर संगठन द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गए उम्मीदवार का नाम लिखा होता है।

पार्टी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, तेदेपा अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों और लोकसभा की 17 सीट पर उतारे गए उम्मीदवारों को 'बी-फार्म' सौंपा है।

पार्टी प्रमुख ने उम्मीदवारों को आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के लिए लगन से काम करने की सलाह दी और चुनावी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

तेदेपा के कुछ उम्मीदवार पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं। समारोह में कई जिलों से पहुंचे तेदेपा उम्मीदवारों को पार्टी की सफलता के लिए सहयोग करने को कहा गया है। राज्य में तेदेपा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल हैं।

राजग सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बनी सहमति के तहत तेदेपा विधानसभा की 144 और लोकसभा की 17 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहीं भाजपा लोकसभा की छह और विधानसभा की 10 सीट पर चुनाव मैदान में है। जनसेना के हिस्से में लोकसभा की दो और विधानसभा की 21 सीट आई हैं।

# मोदी और राहुल गांधी केरल की प्रगति को झूठ से ढकने की कोशिश कर रहे : विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कासरगोड (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला तेज करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि वे राज्य में हुई प्रगति को ''झूठी बातों'' से ढकने की कोशिश कर रहे हैं।

विजयन ने यहां कांजनगाड़ में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिणी राज्य के बारे में बात करते समय मोदी और गांधी के सुर एक जैसे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, इस समय एक अजीब बात यह हो रही है कि प्रधानमंत्री और पूरे भारत में मुख्य विपक्षी दल के नेता एकजुट होकर राज्य (केरल) और इसकी प्रगति को झूठ से ढकने की कोशिश कर रहे हैं।

विजयन ने राज्य सरकार के खिलाफ मोदी की हालिया टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों उल्लेख किया था कि बिहार की तरह केरल में भी भ्रष्टाचार होता है। उन्होंने कहा कि इस बयान के जरिए मोदी एक साथ दो राज्यों का अपमान कर रहे हैं। मोदी के आरोप को खारिज करते हुए वामपंथी नेता ने कहा कि यह सर्वविदित है कि केरल देश का सबसे कम भ्रष्ट राज्य है और 'सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' और 'लोकल सर्किल्स' द्वारा भारत के संदर्भ में भ्रष्टाचार को लेकर किए गए हालिया सर्वेक्षण में इस बात को पहचाना गया। विजयन ने कहा, प्रधानमंत्री के पास कौन सी प्रामाणिक रिपोर्ट है, जिसके आधार पर उन्होंने केरल का अपमान किया?'' उन्होंने राज्यों को ''खराब वित्तीय आवंटन'' को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वित्त आयोगों के माध्यम से धन का वितरण कोई दान नहीं है।

# क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी : मोहन यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** दूरदर्शन न्यूज के 'लोगो' का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से 'भगवा' रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने एक बयान में कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है।

सार्वजनिक प्रसारक 'दूरदर्शन न्यूज' के 'लोगो' का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे ''पूरी तरह से अवैध'' बताया है। विपक्षी दलों के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा हमारे त्याग और वैराग्य का प्रतीक है। अब अगर भगवा का इतना ही विरोध है तो क्या कांग्रेस अपने झंडे से यह रंग हटाने की हिम्मत करेगी? उन्होंने विपक्षी दलों पर संपूर्ण सनातन और हिंदू संस्कृति का अपमान करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'लोगो' के रंग में बदलाव को लेकर कांग्रेस और वामपंथियों के बयानों से हंसी आती है और गुस्सा भी आता है।

# रेलवे को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाना पड़ेगा : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार रेलवे को ''अयोग्य'' साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने ''मित्रों'' को बेचने का बहाना मिल सके। उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया।

राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी के राज में 'रेल का सफर' सजा बन गया है। आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ 'एलीट ट्रेनों' का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लोग 'कन्फर्म' टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर 'अयोग्य' साबित करना चाहती है ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। राहुल गांधी ने कहा कि अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

# दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट जीतने को लेकर आश्वस्त है भाजपा : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट जीतेगी। पीयूष गोयल ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'हिंदू नव वर्ष समारोह' में यह टिप्पणी की। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2014 से पहले किसी भी सरकार ने भगवान राम के लिए कुछ नहीं किया।

धामी ने कहा, यह भाजपा सरकार ही है, जो भगवान राम को अयोध्या में उनके महल में वापस लेकर आई। उत्तराखंड में हाल में हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और मुझे यकीन है कि भाजपा राज्य की सभी पांच सीट पर भारी अंतर से जीत हासिल करेगी। गोयल ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान को लेकर कहा, पार्टी को पूरा यकीन है कि दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट भाजपा ही जीतेगी।

# कांग्रेस आपकी संपत्ति घुसपैठियों, ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों को बांट देगी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जयपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है।

मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा, ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। और उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

उन्होंने कहा, पहले जब उनकी सरकार थी, उन्होंने कहा था की देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे?.. जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे। उन्होंने कहा, घुसपैठियों को बांटेंगे। आपकी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा? क्या आपको ये मंजूर है?

मोदी का इशारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2006 में की गई विवादास्पद पहला हक टिप्पणी की ओर था। हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक असमानताओं के मुद्दे पर प्रकाश डाला गया है और पार्टी ने जोर देकर कहा है कि इसमें किसी से कुछ लेकर बांटने की बात नहीं कही गई है और व्यापक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना का समर्थन किया गया है। कांग्रेस ने यह दावा भी किया था कि राहुल गांधी ने सात अप्रैल 2024 को हैदराबाद में देश की संपत्ति के 'पुनर्वितरण' का वादा नहीं किया और उनके शब्दों को गलत तरीके से पेश किया गया।

पर राहुल गांधी ने कथित तौर देश की संपत्ति के अधिक न्यायसंगत वितरण के लिए एक सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता के बारे में बात की थी, जिसके बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्टीकरण दिया।

बांसवाड़ा में अपनी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'वामपंथियों के चंगुल में फंसी' हुई है और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह चिंताजनक है गंभीर है। उन्होंने कहा कि ये 'माओवाद की सोच को जमीन पर उतारने की उनकी कोशिश' है। मोदी ने कहा, इसमें (घोषणापत्र) कहा गया है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जायेगा। हमारी बहनों के पास सोना कितना है उसकी जांच की जाएगी, उसका हिसाब लगाया जायेगा। हमारे आदिवासी परिवारों में चांदी होती है, उसका हिसाब लगाया जायेगा।... ये जो गोल्ड है बहनों का और जो और संपत्ति है ये सबको समान रूप से वितरित कर दी जाएगी।



# कांग्रेस को नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ अपने गठबंधन पर पुनर्विचार करना चाहिए : मुफ्ती

**कोकेरनाग (जम्मू कश्मीर)/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता चौधरी मोहम्मद अकरम की एक हालिया टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को नेकां को समर्थन देने पर पुनर्विचार करना चाहिए।

मुफ्ती ने अनंतनाग जिले के लारनू इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल होते समय चौधरी अकरम ने कांग्रेस की तुलना भाजपा से की। उन्होंने बेहद तल्ख टिप्पणी की। कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अकरम ने कांग्रेस का इस तरह वर्णन किया। मुफ्ती ने 80 के दशक में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गतिरोध का जिक्र करते हुए कहा, अकरम के पिता (चौधरी मोहम्मद असलम) कांग्रेस में थे। मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस कार्यकर्ता नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन कैसे करेंगे।

# पार्टी गीत से 'हिंदू, जय भवानी' को हटाने के निर्वाचन आयोग के नोटिस का पालन नहीं करेंगे : उद्धव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी के नए गीत से 'जय भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से एक नोटिस मिला है, लेकिन वह इसका पालन नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा पार्टी के गीत से 'जय भवानी' हटाने की मांग करना महाराष्ट्र का अपमान है।

ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने नए चुनाव चिह्न 'मशाल' को लोकप्रिय बनाने के लिए एक गीत तैयार किया है और निर्वाचन आयोग ने इसमें से 'हिंदू' एवं 'जय भवानी' जैसे शब्द हटाने को कहा है। ठाकरे ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने देवी तुलजा भवानी के आशीर्वाद से हिंदवी स्वराज की स्थापना की। हम देवी या हिंदू धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। यह अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी जन सभाओं में 'जय भवानी' और 'जय शिवाजी' कहने की परंपरा जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, अगर निर्वाचन आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करता है, तो उन्हें हमें बताना होगा कि उन्होंने उस समय क्या किया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए लोगों से 'जय बजरंग बली' कहने और ईवीएम का बटन दबाने को कहा था। (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह ने लोगों से कहा था कि वे अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दें। उन्होंने कहा, शिवसेना (यूबीटी) ने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या कानून बदल दिए गए हैं और क्या अब धर्म के नाम पर वोट मांगना ठीक है।

# राहुल गांधी ने अस्वस्थ होने के बाद केरल में चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अस्वस्थ होने के कारण केरल में 22 अप्रैल का अपना चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यवाहक अध्यक्ष और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के संयोजक एम. एम. हसन ने कहा कि सोमवार को होने वाली गांधी की सभी जनसभाएं रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले दिन में, गांधी ने रांची में 'इंडिया' गठबंधन रैली में भाग नहीं लिया। इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, वह अचानक बीमार हो गए और फिलहाल नयी दिल्ली से रवाना होने में असमर्थ हैं। कांग्रेस महासचिव रमेश ने कहा, राहुल गांधी आज सतना और रांची में प्रचार करने के लिए पूरी तरह तैयार थे।

# बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध हटाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा, बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किश्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे दायर कर सकते हैं।

# उमर अब्दुल्ला ने पीडीपी पर जम्मू कश्मीर में भाजपा को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने रविवार को महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर जम्मू कश्मीर में 'इंडिया' गठबंधन के खिलाफ चुनाव लड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया।

क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हुए थे, लेकिन उनके बीच सीट बंटवारे का समझौता नहीं हो सका। अब्दुल्ला ने कहा, ये वे (पीडीपी) हैं जो स्वार्थी हैं। उन्होंने इस (अनंतनाग-राजौरी) सीट को पाने के एकमात्र उद्देश्य से 'इंडिया' ब्लॉक के साथ गठबंधन किया था।

अब्दुल्ला ने महबूबा मुफ़्ती के पैतृक स्थान अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में एक चुनावी रैली में कहा, इंडिया गठबंधन भाजपा से लड़ रहा है और 'इंडिया' गठबंधन यहां इस मंच पर है। जो लोग इस मंच पर नहीं हैं वे भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सच्चाई है। उन्होंने कहा कि गठबंधन बनाने का उद्देश्य सांप्रदायिक ताकतों विशेषकर भाजपा का मुकाबला करना था। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में भी हम इसी उद्देश्य के साथ 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हुए। उद्देश्य सीट या स्वयं का लाभ नहीं था। हम जम्मू कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के हितों को देख रहे थे।

अब्दुल्ला ने कहा, दुर्भाग्य से, विशेष रूप से इस लोकसभा क्षेत्र में, हमारा मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन के एक अन्य सदस्य से है। अब हम पर स्वार्थी होने का आरोप लगाया जा रहा है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती हर दिन अपने भाषण में यह कहती हैं कि नेशनल कान्फ्रेंस स्वार्थी तरीके से काम कर रही है। एक मिनट के लिए, मान लेते हैं कि हम स्वार्थी हैं।

# स्टालिन ने दूरदर्शन के 'लोगो' में बदलाव को भगवाकरण की शुरुआत बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन के लोगो' को लाल से नारंगी किए जाने की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि यह हर चीज का भगवाकरण करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश' की शुरुआत है। स्टालिन ने 'लोगो' में बदलाव को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि दूरदर्शन पर ''भगवा दाग'' लग गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि भाजपा हर चीज का भगवाकरण करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा, ये ('लोगो' में बदलाव जैसे कदम) उसी की शुरुआत हैं। जनता 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों में ऐसे फासीवाद के खिलाफ खड़ी नजर आएगी। स्टालिन ने कहा कि पहले तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर का ''भगवाकरण'' किया गया था और तमिलनाडु के महान नेताओं की प्रतिमाओं पर भगवा रंग डाला गया था।'' विपक्ष ने 'लोगो' के रंग में बदलाव को पूरी तरह से ''अवैध'' और भाजपा समर्थक ''पक्षपात'' को प्रतिबिंबित करने वाला करार दिया है।

# तमिलनाडु में 69.72 प्रतिशत मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 39 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को हुए चुनाव के दौरान 69.72 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। मतदान के बाद संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी कि धर्मपुरी में सबसे अधिक 81.20% मतदान दर्ज किया गया। मध्य चेन्नई में सबसे कम 53.96 प्रतिशत मतदान हुआ।



# केंद्रीय मंत्री करंदलाजे पर भाजपा के गढ़ में जीत बरकरार रखने का दबाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री करंदलाजे की सीट बदलकर बेंगलूरु उत्तर से उम्मीदवार बनाये जाने के बाद उन पर इस निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का सिलसिला बरकरार रखने का दबाव है।

बेंगलूरु उत्तर 2004 से भाजपा का गढ़ है और मतदाता ''मोदी फैक्टर'' पर भरोसा कर रहे हैं। करंदलाजे का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य एम.वी. राजीव गौड़ा से है, जो उन्हें जोरदार टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। करंदलाजे उडुप्पी-चिकमगलूर से दो बार की सांसद हैं, लेकिन उनकी पार्टी के एक वर्ग के ''शोभा वापस जाओ'' अभियान के बाद उन्हें इस सीट से हटा दिया गया। करंदलाजे लोगों के बीच जाकर उन्हें समझा रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 10 वर्षों में किस तरह विकास पथ पर आगे बढ़ा है।

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री ने कहा, ''यह भारत की संस्कृति और सनातन परंपराओं को बचाने के लिए चुनाव है।'' भाजपा सूत्रों के मुताबिक, उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बी.एस. येडीयुरप्पा का मजबूत समर्थन प्राप्त है। भाजपा 2004 से इस सीट पर जीत हासिल करती आ रही है। इससे पहले यह 1952 से 2004 तक कांग्रेस का गढ़ रहा था। हालांकि, 1996-1998 के दौरान तत्कालीन जनता दल के के.सी. नारायणस्वामी यहां से सांसद रहे।

पूर्व रेल मंत्री सी.के. जाफर शरीफ इस निर्वाचन क्षेत्र से सबसे लंबे समय तक सांसद रहे। उन्होंने 1977 से 1996 तक लगातार पांच बार चुनाव जीता और कुल सात बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2004 के बाद से यहां से भाजपा के तीन सांसद रहे हैं, जिनमें कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक एच टी संगलियाना, दिवंगत डी.बी. चंद्र गौड़ा और पूर्व केंद्रीय मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा शामिल हैं। इन सभी को ''बाहरी'' माना जाता है।

बेंगलूरु उत्तर में विधानसभा की कुल आठ सीट हैं जिनमें से पांच का प्रतिनिधित्व भाजपा और शेष का कांग्रेस कर रही है। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजीव गौड़ा ने आरोप लगाया कि करंदलाजे को सांप्रदायिक रूप से 'विभाजनकारी' भाषण और ध्रुवीकरण के लिए जाना जाता है।

भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलूरु के पूर्व प्रोफेसर ने कहा कि लोग बेहतर जीवन जीना, आगे बढ़ना और समृद्ध होना चाहते हैं और लोग नहीं चाहते कि यह क्षेत्र सांप्रदायिक रूप से विभाजित हो जाए। उन्होंने दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में यहां लगभग 12,000 मतदाताओं ने 'नोटा' का विकल्प चुना था।

# तमिलनाडु सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केरल में बर्ड फ्लू की जानकारी मिलने के बाद तमिलनाडु सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है।

एक अधिकारी ने बताया कि अनैकट्टी, गोपालपुरम और वालयार इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। इन क्षेत्रों में प्रत्येक चेकपोस्ट पर 12 पुलिस अधिकारी तैनात हैं। तमिलनाडु पहुंचने वाले किसी भी वाहन की गहन तलाशी ली जा रही है। तमिलनाडु के पशुपालन अधिकारियों ने के अनुसार जब भी पड़ोसी राज्यों से बर्ड फ्लू के मामले सामने आते हैं, तो विभाग सतर्कता बढ़ा देता है।

अधिकारियों ने कहा कि पशु चिकित्सक और पैरामेडिक टीम के सदस्य भी राज्य की सीमाओं पर सर्च टीमों का हिस्सा हैं। मुर्गे और जानवरों से भरे किसी भी वाहन को चेकपोस्ट पार करने की अनुमति नहीं है।

एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार कोई जोखिम नहीं ले रही है। केरल से तमिलनाडु में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को सैनिटाइज किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल की सीमा से लगे कोयंबटूर जिले में 1,252 पोल्ट्री फार्म हैं। जिले में इतनी बड़ी संख्या में पोल्ट्री फार्म होने के कारण, विभाग राज्य में किसी भी प्रकोप को रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है।



# कर्नाटक और केरल की सीमा के पास नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर तलाशी अभियान शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उडुप्पी।** केरल की सीमा से सटे कर्नाटक के इलाकों में और उसके आसपास संदिग्ध नक्सलियों के होने की सूचना पर पुलिस ने पड़ोसी इलाकों में तलाशी अभियान शुरू करने के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट के लिए मतदान दो चरणों में 26 अप्रैल और सात मई को होंगे।

उडुपी के पुलिस अधीक्षक अरुण के. ने पीटीआई-वीडियो' से कहा कि कुछ दिन पहले, कर्नाटक-केरल सीमा और उसके आसपास संदिग्ध नक्सली की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, लगभग पांच-छह साल से कर्नाटक के इन इलाकों में नक्सली नजर नहीं आए थे।

उन्होंने कहा, हमने नक्सल विरोधी बल के साथ समन्वय किया है और पड़ोसी इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हमने संबंधित जिले में नक्सल रोधी दस्तों का गठन शुरू कर दिया है और किसी भी नक्सली गतिविधियों के बारे में स्थानीय लोग से जानकारी एकत्र करने का भी प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि नक्सल प्रभावित सभी मतदान केंद्रों पर मतदान वाले दिन केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, फिलहाल, हमें नहीं लगता कि किसी भी तरह की समस्या है, लेकिन हमने शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं।

# कांग्रेस ने भाजपा उम्मीदवार वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई शिकायत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मैसुरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराज वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। केपीसीसी ने उन पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रिश्वतखोरी में कथित संलिप्तता का आरोप लगाया है।

शनिवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे एक पत्र में केपीसीसी ने आरोप लगाया कि वाडियार ऐसे कार्यों में संलिप्त रहे हैं जो आदर्श आचार सहिंता का घोर उल्लंघन करते हैं और जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। केपीसीसी ने आरोप लगाया, ''वाडियार ने अपने चुनावी अभियान के लिए समर्थन मांगने के स्पष्ट उद्देश्य से सोशल मीडिया मंचों पर कई इंफ्लुएंसर के साथ बातचीत की।'' पत्र में कहा गया है कि इस बातचीत का सबसे चिंताजनक पहलू इन इंफ्लुएंसर को उनकी उम्मीदवारी के स्पष्ट समर्थन और प्रचार के बदले में पर्याप्त मात्रा में धन देना था। पत्र में आरोप लगाया गया, इंफ्लुएंसर को पैसे बांटने का यह शर्मनाक कृत्य न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, बल्कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और भारतीय दंड संहिता के तहत एक गंभीर अपराध भी है।

केपीसीसी ने चुनाव निकाय से इस मामले में गहन और निष्पक्ष जांच शुरू करने और आदर्श आचार संहिता एवं संबंधित चुनावी कानूनों का उल्लंघन करने के दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि चुनावी प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और भ्रष्ट आचरण से मुक्त रहे।



# वाहनिकुला क्षत्रिय समुदाय ने किया चिकबल्लापुर भाजपा प्रत्याशी डॉ. सुधाकर का विरोध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** एसोसिएशन ऑफ कर्नाटक स्टेट टाइगल्स (वाह्निकुला क्षत्रिय) ने आक्रोश व्यक्त किया है कि डॉ. के. सुधाकर वाहनिकुला समुदाय के नेताओं को कुचल रहे हैं और इस तरह समुदाय के लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं। येलहंका में चिक्कबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के वाहनिकुला समाज की बैठक में, चिक्कबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र के समुदाय के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस लोकसभा चुनाव में किसी भी कारण से डॉ. के. सुधाकर को वोट नहीं देने का निर्णय लिया।

कर्नाटक राज्य वाहनिकुला क्षत्रिय संघ के प्रदेश अध्यक्ष एम. कृष्णमूर्ति ने कहा कि राज्य में हमारे समुदाय के 40 लाख सदस्य नगर सभा, बीबीएमपी तक सीमित हैं। हालाँकि, समुदाय का एक भी सदस्य विधायक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि हमारे समाज के नेता अगर आगे बढ़ना चाहते हैं तो उन्हें रौंदने का काम कर रहे हैं।

एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सी. जयराज ने कहा कि जब वह विधानसभा चुनाव में मालूर विधानसभा क्षेत्र से हुडी विजय कुमार के लिए टिकट मांगने गए, तो समुदाय के नेताओं ने स्वामीजी को बिना डॉ. के. सुधाकर के पेरेसेंड्रा निवास पर भेज दिया। उन्हें अंदर आमंत्रित करने का शिष्टाचार दिखाया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि टिकट की हेराफेरी में बीजेपी ने बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने के कार्यक्रम में भी रोड़ा अटकाया। उन्होंने ऐसा करके समुदाय का अपमान किया है। कार्यक्रम में अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए आने वाले चुनावों में वाहनिकुला समुदाय द्वारा सबक सिखाएंगे। कार्यक्रम में देवनहल्ली आदिशक्ति द्रोपताम्मा गुरुपीठ के मंजूनाथ स्वामीजी, मुनितायप्पा, नागार्जुन, नारायणस्वामी एमडी, गोविंदराजू, चिन्नास्वामी गौदार, जगदीश मुद्दन्ना, वाईसी वेंकटेश, कोंडाशेट्टीहल्ली, टाटा रमेश और संघ के अन्य नेता उपस्थित थे।

# बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध हटाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है।

हालिया गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा, बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है।

अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किश्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं।

इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा।

अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे दायर कर सकते हैं।

# केरल के मुख्यमंत्री ने त्रिशूर पूरम विवाद की जांच का आश्वासन दिया

**कासरगोड/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने रविवार को कहा कि मंदिर प्रबंधन और हाल ही में आयोजित त्रिशूर पूरम उत्सव में शामिल होने वाले लोगों द्वारा की गई शिकायतों की गंभीरता के साथ जांच की जाएगी।

त्रिशूर में प्रसिद्ध वडक्कुनाथन मंदिर के विशाल मैदान में हजारों लोग शुक्रवार को भव्य त्रिशूर पूरम उत्सव में शामिल हुए। हालांकि, पुलिस द्वारा लगाए गए कथित प्रतिबंधों और अनुष्ठानों में उसके कथित हस्तक्षेप के कारण पैदा हुए विवादों ने इस प्रतिष्ठित मंदिर उत्सव की चमक कम कर दी।

मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र की हस्तक्षेप की सीमाएं हैं, लेकिन उन्होंने इस मामले की राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से जांच कराने का वादा भी किया। विजयन ने कहा, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए कि पूरम उत्सव वाले दिन क्या हुआ था। देवस्वओम अधिकारियों द्वारा एक शिकायत भेजी गई है...पुलिस महानिदेशक को इन घटनाओं की जांच करने और इस बारे में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# मतदान जागरूकता को लेकर विंटेज कार एवं बाइक रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने रविवार को मतदाता जागरूकता कार और बाइक रैली का शुभारंभ किया। बाद में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन हमारे लोकतंत्र की पहचान है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में मतदाताओं और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े संभ्रांत लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है।

मतदान लोकतंत्र की शक्ति और लोकतंत्र के विश्वास की रक्षा करता है। मतदान से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र मजबूत होता है। मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है। भारत में 18 वर्ष से अधिक आयु वालों को मतदान का अधिकार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें इस अधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करना चाहिए। चुनाव में मतदान का मतलब गणतंत्र को मजबूत करना है। कुछ लोगों को इस बात का अंदाज़ा है कि अगर हम वोट नहीं देंगे तो क्या होगा. दरअसल, कई बार जीत या हार का फैसला सिर्फ एक वोट से हो जाता है. इसके कई उदाहरण हैं। इसलिए, सभी को मतदान करना चाहिए, उन्होंने आह्वान किया।



दिव्यांगों, बुजुर्गों और हर मतदाता के लिए मतदान को आसान बनाने के लिए चुनाव आयोग ने जरूरी कदम उठाए हैं। फिलहाल लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। पहले चरण का मतदान हो चुका है। लोकतंत्र के हित में अधिक से अधिक मतदान करना जरूरी है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

विंटेज कार और बाइक रैली राजभवन से शुरू होकर इन्फैंट्री रोड, सीटीओ सर्कल, क्वींस सर्कल, अनिल कुंबले सर्कल, कावेरी एम्पोरियम, ट्रिनिटी सर्कल, सिद्धलिंगैया सर्कल से होते हुए कंटीरवा स्टेडियम के पास समाप्त हुई।

इस मौके पर मुख्य सचिव रजनीश गोयल, मुख्य रिटर्निंग अधिकारी मनोज कुमार मीना, जिला रिटर्निंग अधिकारी और मुख्य आयुक्त तुषार गिरि नाथ, बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त दयानंद, अतिरिक्त मुख्य रिटर्निंग अधिकारी कुर्मा राव, जिला स्वीप समिति के अध्यक्ष कांतराज, जिला स्वीप समिति अध्यक्ष प्रतिभा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' टी20 विश्व कप में आयरलैंड और स्कॉटलैंड टीम की प्रायोजक होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** 'नंदिनी' ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' (केएमएफ) 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा। हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है।

केएमएफ के प्रबंध निदेशक एम के जगदीश ने रविवार को पीटीआई से कहा, हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं। वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह कदम 'नंदिनी' को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लिया गया है। सूचना प्रोद्योगिकी उद्योग के अनुभवी और इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी टी वी मोहनदास पाई ने इस कदम की आलोचना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, कितना शर्मनाक है। वे कर्नाटक के किसानों का पैसा विदेशी टीम के प्रायोजन पर क्यों लगा रहे हैं। इससे क्या मिलेगा? गरीब किसानों को अच्छा भुगतान करो। यह कर्नाटक के सहकारी संघ की बर्बादी है।




इस पर जगदीश ने कहा, हमारा 85 प्रतिशत राजस्व किसानों को ही जाता है। हम अपने उत्पाद के प्रचार के लिए क्रिकेट टीम का प्रायोजन कर रहे हैं। हमें वैश्विक होने की जरूरत है।



# कांग्रेस को उसके पापों की सजा दे रहा है देश : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालोर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उसके इन्हीं पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। प्रधानमंत्री ने भीनमाल (जालोर) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है।

राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा, (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे।

उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है।

उन्होंने कहा, इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है और खासकर के देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कटाक्ष करते हुए कहा, इन्होंने अवसरवादी 'इंडी एलायंस' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश की 25 प्रतिशत सीट ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा, अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है वो घोटाले की जांच भी कर रही ..अगर यहां कांग्रेस सरकार ना होता तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है। उन्होंने कहा, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदी देनी है। ये संकल्प लेकर मैं चल पड़ा हूं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' बनाना है। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीट हैं। पहले चरण में 12 सीट पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ था और बाकी बची 13 सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उसने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है। भीनमाल (जालोर) में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उनको बराबर सबक सिखाया है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।



# सड़क दुर्घटना में तीन भाइयों समेत नौ लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे नौ लोगों की राजस्थान के झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे की चपेट में आए लोग एक विवाह समारोह में भाग लेकर भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की आयु 16 से 30 वर्ष थी। एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में 16 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय सोनू और 24 वर्षीय दीपक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये तीनों भाई थे। उन्होंने कहा कि अन्य मृतकों की पहचान 24 वर्षीय अशोक, 33 वर्षीय हेमराज, 25 वर्षीय रविशंकर और 20 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ये सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि 22 वर्षीय रोहित और 20 वर्षीय रामकिशन की भी इस हादसे में मौत हो गई जो झालावाड़ के खानपुर इलाके और बारां जिले के हरनावदा के रहने वाले थे। विशोनी ने बताया कि 18 वर्षीय मनीष बागरी की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है।

पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की चपेट में आए लोगों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप गाड़ियों में करीब 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे। उन्होंने कहा कि रास्ते में वे भोपाल रोड पर स्थित खिमची गांव में चाय पीने के लिए रुक गए लेकिन अन्य कार आगे बढ़ गई। गोपाल बागरी ने बताया कि लगभग 10 मिनट बाद उन्होंने अपनी यात्रा फिर से शुरू की और कुछ मिनट की यात्रा के बाद लगभग सवा दो बजे उन्हें पचोला गांव के पास एक कार क्षतिग्रस्त अवस्था में एक ट्रक में फंसी हुई मिली।

गंभीर रूप से घायल लोगों को बाहर निकालने के लिए बचावकर्मियों को कार का पिछला दरवाजा तोड़ना पड़ा। दुर्घनाग्रस्त कार में सवार पांच लोगों को एक निजी अस्पताल और चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# राजपूतों की नाराजगी दूर करने के लिए भाजपा को 'मोदी मैजिक' और विकास के मुद्दे का सहारा

लोकसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। केंद्रीय मंत्री पुरषोत्तम रूपाला की टिप्पणी पर राजपूत समुदाय के एक वर्ग के विरोध का सामना कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उम्मीद है कि 'मोदी फैक्टर' और विकास कार्यों के बूते पर वह राजपूत बहुल चित्तौड़गढ़ सीट पर अपनी जीत बरकरार रख पाएगी। कांग्रेस चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से वोट मांगने के लिए किसान कल्याण और महंगाई के मुद्दों को उठा रही है। चित्तौड़गढ़ सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने इस सीट पर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना को टिकट दिया है।

चित्तौड़गढ़ से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव में विजयी रहे जोशी का लक्ष्य जीत की 'हैट्रिक' लगाना है और वे अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनवा रहे हैं, जिनमें रेल संपर्क में बढ़ाना, नयी ट्रेन का संचालन और नए राजमार्गों के निर्माण शामिल हैं। जोशी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, विकास कार्यों से इस इलाके की तस्वीर बदलने वाली है। मुझे विश्वास है कि चित्तौड़गढ़ के लोग विकास को चुनेंगे।

उन्हें उम्मीद हैं कि 'मोदी फैक्टर' और निर्वाचन क्षेत्र में किए गए विकास कार्य भाजपा को राजपूत समुदाय में पार्टी के खिलाफ पैदा हुई नकारात्मकता से बचाएंगे। राजपूत समाज के लोग मांग कर रहे हैं कि भाजपा रूपाला को राजकोट लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनाए। रूपाला ने 22 मार्च को राजकोट में एक सभा में कहा था कि पूर्ववर्ती 'महाराजा' विदेशी आक्रांताओं और अंग्रेजों के आगे झुक गए थे।

उन्होंने कहा कि 'महाराजाओं' ने अंग्रेजों के साथ रोटी-बेटी का रिश्ता बनाया। हालांकि रूपाला ने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी, लेकिन राजपूतों ने उनकी माफी को स्वीकार नहीं किया। चित्तौड़गढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना खुद को 'किसान के बेटे' के रूप में पेश कर रहे हैं और किसानों के कल्याण के मुद्दे पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, आज, संविधान खतरे में है। भाजपा ने संविधान का मजाक बना दिया है। अगर उन्हें 400 से ज्यादा सीट मिलती हैं तो अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा।

जोशी ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण के खिलाफ नहीं है। जोशी ने कांग्रेस पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। कांग्रेस की कहानी आरक्षित श्रेणियों के कुछ लोगों को प्रभावित करती दिखाई दी। कांग्रेस नेता ने चित्तौड़गढ़ के अफीम किसानों से यह भी वादा किया कि अगर वह जीतेंगे तो वे उनके मुद्दे संसद में उठाएंगे। आंजना ने कहा, मैं अफीम की खेती में भ्रष्टाचार नहीं होने दूंगा। मैं किसानों के हित में नीतियां बनवाने का काम करूंगा। आज किसानों के साथ अन्याय हो रहा है और उनसे बात करने वाला कोई नहीं है।

पूर्व विधायक बद्री लाल जाट ने कहा कि अधिकांश लोग विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा, चितौड़ का किला बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन वे चितौड़गढ़ में कुछ ही घंटे बिताते हैं। भाजपा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। चित्तौड़गढ़ के गंगरार कस्बे के आदिवासी रामकिशोर मीणा ने कहा, आरक्षण हमारा अधिकार है और चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, कोई भी सरकार इसे वापस नहीं ले सकती। शहर के एक उद्यमी आंचल बोहरा ने बताया कि बहादुरी, वीरता और देशभक्ति की कहानियों के लिए प्रसिद्ध, चित्तौड़गढ़ की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से सीमेंट उद्योग पर आधारित है। साथ ही संगमरमर और ग्रेनाइट उद्योग भी फलफूल रहे हैं।

उन्होंने चित्तौड़गढ़ में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, चित्तौड़गढ़ में सड़क और रेल संपर्क काफी बढ़ गया है, जिसने इसे आर्थिक गलियारे में जगह दी है।

मार्बल और ग्रेनाइट उद्योग फलफूल रहा है और नयी सीमेंट फैक्टरियां के आने की संभावना बढ़ रही है जिससे रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जिनमें चित्तौड़गढ़ जिले की पांच, उदयपुर जिले की दो और प्रतापगढ़ जिले की एक विधानसभा है। इनमें से छह पर भाजपा, एक पर कांग्रेस और एक सीट पर भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े निर्दलीय विधायक हैं। चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र में पांच लाख नए मतदाताओं सहित 21 लाख से अधिक मतदाता हैं। इस सीट पर राजपूतों का दबदबा है। उनके बाद वैश्य और ब्राह्मण मतदाताओं का नंबर आता है। ओबीसी, दलित और आदिवासी वोट भी अच्छे खासे हैं।

# छब्बीस लाख रुपए से भरी एटीएम मशीन उखाड़कर ले गए बदमाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में खैरथल तिजारा में ततारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस रिजर्व लाईन के सामने कुछ बदमाश रीको औधोगिक क्षेत्र के इस्माईलपुर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम मशीन को उखाड़कर अपने साथ गाड़ी में उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात हुई वारदात में एटीएम मशीन के अंदर करीबन 26 लाख रुपये की नगदी थी। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

एटीएम के पास ही चाय का खोखा चलाने वाला राजकुमार अलसुबह 4 बजे जब अपनी चाय की थड़ी को खोलने के लिए वहां पहुंचा। वहां उसे एटीएम का शीशा टूटा हुआ मिला और एटीएम मशीन का खोल साइड में पड़ा हुआ था जिससे उसे एहसास हुआ कि कोई अज्ञात चोर एटीएम को उखाड़ ले गए हैं। जिसकी सूचना उसने पास ही की इंडस कंपनी के गार्ड और अन्य लोगों को दी।

घटना की सूचना मिलते ही किशनगढ़ बास पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीएनबी के शाखा प्रबंधक बलराम मीणा ने बताया कि रविवार का अवकाश होने के चलते शनिवार को ही एटीएम मशीन में साढ़े 28 लाख रुपए का कैश डाला गया था जिसमें से करीब दो ढाई लाख रुपए का कैश निकाला है एटीएम मशीन में करीब 26 लाख रुपए का कैश बताया गया है।

एक किया कंपनी की कार शनिवार रात्रि 2 बजकर 17 मिनिट पर आकर रुकी थी जिसमें सवार अज्ञात चोर 2 बजकर 34 मिनिट तक महज 17 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। ततारपुर थाना अधिकारी अंकेश चैधरी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना करने के पश्चात पास ही में इंडस कंपनी के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को देखा।

# कांग्रेस प्रत्याशी का बड़ा बयान, कांग्रेस राम की पुजारी भाजपा राम की व्यापारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। उदयपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उदयपुर के पूर्व कलक्टर ताराचंद मीणा ने रविवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कांग्रेस को राम की पुजारी और भाजपा को राम का व्यापारी कहा है। कांग्रेस द्वारा राम मंदिर प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने के संबंध में यह बयान देते हुए उन्होंने आगे जोड़ा है कि हम तो बचपन से ही राम-राम कहते आए हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा रविवार को प्रेस से मुखातिब थे। यहां उदयपुर शहर के आरटीडीसी होटल में हुई प्रेसवार्ता में उन्होंने उदयपुर के कलेक्टर रहने के दौरान आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि उनका फोकस युवाओं को रोजगार, उच्च शिक्षा, उदयपुर से प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा, उदयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को ठीक करना, खेल सुविधाओं का विकास, एयरपोर्ट को जल्द से जल्द अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक क्षेत्रों का निर्माण करने पर रहेगा, ताकि गांवों से शहरों की ओर पलायन रुक सके। उन्होंने कहा वे बचपन से ही कांग्रेस विचारधारा के रहे हैं। कांग्रेस धर्म की राजनीति नहीं करती है। भारत आदिवासी पाटी के सम्बंध में अपनी राय संगठन से जुदा है। भारत आदिवासी पार्टी को उन्होंने युवाओं को गुमराह करने वाली पार्टी बताया है, जबकि इसी पार्टी को कांग्रेस ने बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर समर्थन दे रखा है। बाहरी प्रत्याशी होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे किसी का टिकट काटकर नहीं आए हैं। यहां के स्थानीय कांग्रेस प्रतिनिधित्व ने ही उनकी अनुशंसा की है।

विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी गौरव वल्लभ के पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी के भी आने या जाने से संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ता है। कांग्रेस संगठन की विचारधारा समभाव की है। उनके जिला कलक्टर कार्यकाल के दौरान उदयपुर के सबसे पीड़ादायी कन्हैया हत्याकाण्ड पर उन्होंने कहा कि वे उदयपुर के सम्पूर्ण समाज का धन्यवाद करते हैं कि इस हत्याकाण्ड के बाद कोई नकारात्मक घटना नहीं हुई, वर्ना उदयपुर दस साल पीछे चला जाता।



# महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में रविवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजधानी जयपुर में त्रिपोलिया बाजार से रामलीला मैदान तक हजारों जैन श्रद्धालुओं की उपस्थिति और आचार्य चैत्य सागर महाराज, आचार्य शशांक सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विज्ञामाताजी ससंघ सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई। राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत रविवार को त्रिपोलिया बाजार के दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया जो बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, सांगानेर गेट, बापू बाजार होते हुए रामलीला मैदान पर संपन्न हुई जहां संतों और माताजी ने धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान ब्रह्मचारी राकेश जैन को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर आचार्य शशांक सागर महाराज का 24 वां दीक्षा दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष भाजपा संजय जैन, कांग्रेस नेता संजय बापना, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष जैन पांड्या सहित जयपुर जैन समाज के कई लोग सम्मिलित हुए।

इस मौके पर अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों का अनुसरण करने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया में जैन धर्म ऐसा धर्म है जो अहिंसा का संदेश देता, जियो और जीने का सिद्धांत बताता है, सभी प्राणियों को अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है का पालन करने का उपदेश देता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली गईं।

# कांग्रेस ने युवाओं को समाज और देश की मुख्यधारा से भटकाने का प्रयास किया : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**कोरबा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने नक्सलवाद के साथ समझौता किया हुआ है और पार्टी ने युवाओं को समाज और देश की मुख्यधारा से भटकाने का प्रयास किया है।

छत्तीसगढ़ के कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोरबा शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि जहां भारत अपने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है, वहीं पड़ोसी पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूख से लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है और दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। योगी ने कहा, कांग्रेस का नक्सलवाद के साथ समझौता रहा है...यह किसी से छिपा नहीं है। युवाओं के हाथ में टेबलेट और रोजगार होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने उनके हाथों में तमंचा थमा दिया।

उन्होंने (कांग्रेस सरकार) युवाओं को समाज और देश की मुख्यधारा से भटकाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है। वह देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2014 से पहले कांग्रेस शासन में लोग भूख से मरते थे, किसान आत्महत्या करते थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर (भारत में) कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है।

उन्होंने कहा, आपने देखा है कि पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है, उसकी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम हैं।

## बिहार के पूर्णिया में सत्ता और विपक्ष की लडाई में निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव पड़ रहे भारी



**पूर्णिया/भाषा।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बनाम 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की लड़ाई के बीच निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव चर्चा का विषय बने हुए हैं। बिहार के पूर्वोत्तर कोने में स्थित पूर्णिया साहित्य प्रेमियों के लिए काफी प्रसिद्ध रहा है, जहां हिंदी के कालजयी रचनाकार फणीश्वर नाथ रेणु ने अपना पूरा जीवन बिताया और हिरामन जैसा प्रसिद्ध किरदार गढ़ा, जिसे बड़े पर्दे पर राजकपूर ने 'तीसरी कसम' में निभाया था।

राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव 1990 के दशक में पूर्णिया लोकसभा सीट का तीन बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पूर्णिया लोकसभा सीट पर इस बार का चुनाव रोचक दिखाई दे रहा है क्योंकि कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार इस सीट के परिणाम हैरान करने वाले हो सकते हैं। यादव ने दो बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में और एक बार सपा उम्मीदवार के तौर पर पूर्णिया सीट का प्रतिनिधित्व किया था। राजग उम्मीदवार एवं जनता दल यूनाइटेड के निवर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा का लक्ष्य 'हैट्रिक' लगाना है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी से पाला बदलकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हुईं विधायक बीमा भारती विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।



# राजद ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कटिहार/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण प्रदान करने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का वर्षों तक विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने कई वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

शाह ने कहा, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया।

उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद ''जंगलराज'' का प्रतीक है।

शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि राजग की डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है।

बिहार में किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर और बांका के साथ-साथ कटिहार लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी देश के समक्ष मुद्दों पर बात नहीं कर रहे : पवार



**जलगांव (महाराष्ट्र)/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में देश के समक्ष मुद्दों पर बात करने के बजाय विपक्षी दल कांग्रेस को कोसने में लगे हैं। पवार ने यहां पत्रकारों से कहा कि पिछले प्रधानमंत्रियों के प्रचार अभियानों से देश के भविष्य के लिए उनके दृष्टिकोण का पता चलता था। उन्होंने दावा किया, लेकिन मोदी साहब लोगों को प्रभावित करने के लिए जुमलेबाजी कर रहे हैं, व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं और कांग्रेस को गाली दे रहे हैं। देश के सामने क्या मुद्दे हैं और वह कैसे आगे बढ़ेगा, इस पर कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि जलगांव की पहचान गांधी-नेहरू की विचारधारा से है, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में कुछ चीजें बदल गई हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जलगांव और रावेर लोकसभा क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति राज्य में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के लिए अनुकूल है। विपक्षी गठबंधन एमवीए में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं।

# प. बंगाल में ममता बनर्जी के शासन में अराजकता फैली हुई है : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जलांगी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद संदेशखालि जैसी घटनाएं हो रही हैं।

राजनाथ ने यहां मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार के आरोपों को लेकर दुनिया भर के लोग शर्मिंदा हैं। तृणमूल कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं पर राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के साथ-साथ आदिवासियों सहित ग्रामीणों की जमीन हड़पने के आरोप लगे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, यहां राज्य में गुंडों का बोलबाला है और लोग डरे हुए हैं। बंगाल भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक था, जिसने देश को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के माध्यम से राष्ट्रीय गीत और रवींद्रनाथ टैगोर के जरिये राष्ट्रगान दिया, लेकिन अब बंगाल आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। राजनाथ ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि राज्य में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद संदेशखालि जैसी घटनाएं कैसे हो सकती हैं, अगर राज्य में भाजपा जीतती है, तो कोई भी ऐसी घटनाओं को दोहराने की हिम्मत नहीं करेगा।

# अभिषेक और मुझे निशाना बना रही भाजपा, हम सुरक्षित नहीं : ममता



**कुमारगंज (बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं।

विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपए जमा करने के 'जुमले' को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का 'लोगो' अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवास को भगवा रंग से क्यों रंगा गया? काशी में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई?''


## लोकतंत्र को विफल नहीं होने देंगे : हेमंत सोरेन ने जेल से भेजे संदेश में कहा



**रांची/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल से भेजे एक संदेश में दावा किया कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में सरकारें गिराने की कोशिश कर रही है लेकिन लोकतंत्र को विफल नहीं होने दिया जाएगा। हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन ने रविवार को यहां आयोजित एक विशाल रैली में उनका संदेश पढ़ा। कल्पना 'उलगुलान न्याय' रैली को संबोधित कर रही थीं, जिसमें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल 28 दलों के नेता शामिल हुए। कल्पना ने आरोप लगाया, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मेरे पति हेमंत सोरेन को चुनाव से ठीक पहले उन ताकतों ने जेल में डाल दिया, जो उनकी सरकारों के खिलाफ साजिश रच रही थीं।

हेमंत का संदेश पढ़ते हुए उन्होंने कहा, विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन भाजपा और ऐसी ताकतों को झारखंड से खदेड़ दिया जाएगा। जनता से भाजपा को हराने का आग्रह करते हुए कल्पना ने दावा किया कि यदि पार्टी (भाजपा) मौजूदा चुनाव जीतती है, तो यह आदिवासियों के लिए एक ''बड़ा खतरा'' होगा। कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने की संभावना है, जहां 20 मई को मतदान होगा।

# भाजपा सरकार मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है : सुनीता केजरीवाल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उन्हें (अरविंद केजरीवाल) मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भाजपा की 'तानाशाही' के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा।

सुनीता ने यहां 'उलगुलान न्याय' रैली में कहा, वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं; उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को ''जन सेवा'' का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, हम तानाशाही के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। अब इस नीति को रद्द किया जा चुका है। ईडी ने कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में 31 जनवरी की रात सोरेन को भी गिरफ्तार किया था।

## हेमंत सोरेन के साथ अन्याय के लिए भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी झारखंड की जनता : तेजस्वी



**रांची/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को दावा किया कि झारखंड की जनता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हुए 'अन्याय' के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मुंहतोड़ जवाब देगी।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की 'उलगुलान न्याय' रैली में हिस्सा लेने के लिए रांची पहुंचने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य देश और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा, झारखंड की जनता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय के लिए भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। हमारा उद्देश्य देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकना है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के एकजुट होने का दावा करते हुए यादव ने कहा, 400 सीट की फिल्म लोकसभा चुनाव के पहले चरण में ही फ्लॉप हो गई है। तेजस्वी यादव के अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केजरीवाल की पत्नी सुनीता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के रैली को संबोधित करने की उम्मीद है।

## परिवारवाद की राजनीति के कारण विलुप्त होती जा रही कांग्रेस : नीतीश



**किशनगंज/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कांग्रेस पर आजादी के बाद से ही परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यही कारण है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी देश भर में विलुप्त होती जा रही है। लालू यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू पर राजनीति में अपने बच्चों को बढ़ावा देने में व्यस्त रहने का आरोप लगाया। जदयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में किशनगंज में एक सभा को संबोधित करते हुए कुमार ने राजद सुप्रीमो का नाम लिए बिना कहा, वे (राजद) 'परिवारवादी' पार्टियां हैं।

# भाजपा संविधान बदलने की साजिश रच रही : प्रियंका वाद्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बालोद/राजनांदगांव/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी देश के संविधान को बदलने की साजिश रच रही है।

प्रियंका ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा के कई नेता जगह-जगह भाषण दे रहे हैं कि हमें चार सौ सीट दो हम संविधान बदल देंगे। यह क्यों कह रहे हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ यह छोटे नेता और उनके कई मंत्री जगह-जगह जाकर कह रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी और उनके बड़े नेता कहते हैं कि हम संविधान को नहीं बदलेंगे। आपको क्या लगता है कि भाजपा के नेता बगैर मोदी जी की इजाजत इतनी बड़ी बात कह सकते हैं। यह पूरी साजिश है।

प्रियंका ने कहा, जिस संविधान ने आपको वोट करने का अधिकार दिया, आरक्षण दिया, जिसने आदिवासियों की संस्कृति को बचाकर रखा, दलितों को आगे बढ़ाने का काम किया, भाजपा इस संविधान को बदल कर आपके अधिकार को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर 'दिखावे की राजनीति' करने का भी आरोप लगाया।

## स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में तरूण ने स्वर्ण और कदम ने रजत पदक जीता

**विटोरिया (स्पेन)/भाषा।** भारत के तरूण ने यहां स्पेनिश पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के एसएल4 वर्ग में हमवतन सुकांत कदम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

तरूण ने फाइनल में कदम को 21-13, 16-21, 21-16 से मात दी।

सेमीफाइनल में कदम ने विश्व चैम्पियन सुहास यथिराज को पराजित किया था।

एसएल3 वर्ग में कुमार नीतेश, मनोज सरकार और जगदेश दिली ने भारत के क्रमश: स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

एसएच 6 वर्ग में सिवाराजन सोलाईमलाई ने कांस्य और नित्या स्रे ने रजत पदक हासिल किया।

दीप रंजन और मनोज ने पुरुषों के एसएल3 और एसएल4 डबल्स वर्ग में रजत जबकि उमेश विक्रम और सूर्यकांत ने कांस्य पदक जीता।

# मैं यहां राजनीति में बने रहने, लोगों से जुड़े रहने के लिए आया हूं : यूसुफ पठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ बहरमपुर लोकसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने कहा कि वह यहां राजनीति में बने रहने और शहर के लोगों से जुड़े रहने के लिए आए हैं जो उन्हें ''अपना मानकर पहले ही स्वीकार कर चुके हैं।

क्रिकेट के सभी प्रारूपों से फरवरी 2021 में संन्यास लेने वाले पठान को लगता है कि बहरमपुर में हर बीतते दिन के साथ उनकी ताकत और आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा है।

पठान ने 'पीटीआई-भाषा' से एक साक्षात्कार में कहा, मैं ऐसी जगह पर आकर धन्य हो गया हूं जहां लोग मुझे कह रहे हैं कि आपको हम यहां से जाने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, यहां के लोग मुझे पहले ही अपना बेटा, भाई या मित्र मान चुके हैं। चुनाव का नतीजा चाहे कुछ भी हो, लेकिन मैं उनसे जुड़ा रहूंगा। मैं एक बेहतर भविष्य के लिए उनके साथ रहूंगा जिसके वे हकदार हैं। ये लोग मेरी ताकत हैं और 'इंशा अल्लाह, मैं जीतूंगा। मेरी इस समय



जिस तरह की सकारात्मक सोच है, मैं हार के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल के टिकट पर बहरमपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस के अनुभवी एवं निवर्तमान सांसद चौधरी को उनके गढ़ में चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अधीर चौधरी का बहुत सम्मान करता हूं जो कि एक वरिष्ठ नेता हैं। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए गुजरात से यहां आए पठान ने कहा, लेकिन जब मैं लोगों को सुनता हूं तो मैंने कोविड-19 के दौरान जमीनी स्तर पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर असंतोष सुना है। यहां के लोगों ने आरोप लगाया है कि चौधरी बुनियादी ढांचा विकसित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आवश्यक केंद्रीय निधि लाने में नाकाम रहे हैं। लोगों के लिए पर्याप्त काम नहीं किया गया और 25 साल से सांसद रहे नेता को लोगों को जवाब देना चाहिए कि वह नाकाम क्यों रहे।

लोकसभा चुनाव लड़ने का विचार डेढ़ महीने पहले ही पठान के मन में आया जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक ने उनसे संपर्क किया। पठान ने कहा, यह 10 मार्च को पार्टी द्वारा अपने उम्मीदवारों की सूची घोषित करने वाले दिन से एक सप्ताह पहले हुआ। मैंने शुरुआत में इनकार कर दिया था।

## आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते : वरूण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें।

कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' लिए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरोन ने कहा, यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे। इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहे और खेले नहीं। आरोन को आरसीबी ने 2014 में दो करोड़ रुपए में खरीदा था और फिर 2016 की नीलामी में उन्हें रिटेन किया था।

सीमित ओवर के प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को लगता है कि आरसीबी को मध्यक्रम में एक आक्रामक बल्लेबाज चाहिए जो कोहली के साथ साझेदारी बना सके। फिंच ने कहा, कोहली ने हर जगह काफी रन जुटाए हैं।

## सुविचार

**ज़िन्दगी तस्वीर भी है और तक़दीर भी, फर्क तो सिर्फ रंगों का है, मनचाहे रंगों से बने तो तस्वीर और अनजाने रंगों से बने तो तक़दीर।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# यह उदासीनता क्यों?

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कई स्थानों पर कम मतदान (प्रतिशत) होना कई सवाल खड़े करता है। आखिर क्या वजह है कि इतने प्रचार-प्रसार के बावजूद वहां मतदाताओं ने उदासीनता दिखाई? मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग कई कदम उठा रहा है। कर्मचारी भी चुनाव संबंधी दायित्वों को मुस्तैदी से निभा रहे हैं। नेतागण खूब रैलियां कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर चुनावी माहौल बना हुआ है। वहीं, मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में उतना उत्साह नहीं दिखा रहे, जितना दिखाना चाहिए! अब तक जो आंकड़े आए, उनसे पता चलता है कि राजस्थान के (ज्यादातर) जिलों (जहां पहले चरण में वोट डाले गए) में तो लगभग 50 से 60 प्रतिशत ही मतदान हुआ। दूसरे शब्दों में कहें तो उन जिलों में लगभग आधे मतदाता वोट डालने ही नहीं गए! एक तरफ लोग सोशल मीडिया पर अपील कर रहे हैं कि मतदान जरूर करें, दूसरी तरफ बूथों पर कम उपस्थिति है! आखिर क्यों? इसका जवाब ढूंढ़ना जरूरी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि आज भी कई लोग यह सोच रहे हों कि मेरे एक वोट से क्या हो जाएगा? अतीत में एक वोट के अंतर से उम्मीदवारों को हारते और सरकार को गिरते देखा जा चुका है। इसलिए लोकतंत्र में एक-एक वोट का अपना महत्त्व है। प्राय: यह माना जाता है कि शहरों की तुलना में गांवों में चुनावी माहौल ज्यादा होता है, लेकिन इस बार राजस्थान के कई गांवों में लोग यही कहते नजर आए कि मतदान केंद्रों पर वैसी 'रौनक' नहीं है! निश्चित रूप से यह स्थिति लोकतंत्र के लिए, देश के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के रिकॉर्ड कायम होने चाहिएं।

मतदान प्रतिशत कम रहने के कई कारण हो सकते हैं। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर न होने से काफी तादाद में लोगों को अन्यत्र जाना पड़ता है। लोग उसी राज्य के किसी कस्बे, बड़े शहर या दूसरे राज्य में रोजी-रोटी के अवसर तलाशते हैं। अगर एक परिवार के चार-पांच लोग भी 'बाहर' गए हों और वे मतदान के लिए जाना चाहें तो इस पर काफी रुपए खर्च हो जाते हैं। आने-जाने में समय भी लगता है, जिसके लिए छुट्टी मिलना मुश्किल होता है। ऐसे में आम आदमी यही सोचकर रह जाता है कि 'मेरे जाने या न जाने से कौनसी क्रांति आ जाएगी? ... मैं अपने काम-धंधे पर ध्यान दूं, जिससे मेरा घर चलेगा!' इस समस्या का काफी हद तक समाधान आरईवीएम प्रणाली से हो सकता है। जो लोग किसी कारणवश मतदान के लिए अपने गांव/शहर नहीं जा सकते, उन्हें अपने वर्तमान निवास-स्थान के आस-पास मतदान की सुविधा मिल जाए तो मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है। निश्चित रूप से ऐसी व्यवस्था करना आसान काम नहीं है, लेकिन भारत के पास इसे संभव बनाने के लिए शक्ति और सामर्थ्य है। कम मतदान प्रतिशत की एक और बड़ी वजह राजनेताओं से जुड़ीं जनता की आकांक्षाएं पूरी न होना भी है। आज राजस्थान में यह कहने वाले बहुत लोग मिल जाएंगे कि 'नेता के निहाल करीं हीं? आपणो कामकाज करो।' आम लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि 'नेतागण हमारी समस्याओं का समाधान करने के इच्छुक नहीं हैं ... ये वोट लेकर पांच साल तक हमारी सुध भी नहीं लेंगे!' उनमें से कई लोग राष्ट्रीय स्तर के राजनेताओं की तारीफ करते मिल जाते हैं, लेकिन वे स्थानीय नेताओं/उम्मीदवारों, सरकारी तंत्र के कामकाज से असंतुष्ट रहते हैं। ऐसे कुछ मतदाता 'नोटा' बटन भी दबा आते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें महसूस हो रहा है कि यह (बटन) कोई बेहतर समाधान लेकर नहीं आ रहा है। हर राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि वह अपने नेताओं/कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सक्रिय रखे। लोगों के मन में यह धारणा पैदा नहीं होनी चाहिए कि नेता उनकी परवाह नहीं करते। जनता-जनार्दन की उपेक्षा कर कोई भी दल/व्यक्ति राजनीति में ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकता।

## ट्वीटर टॉक



गैस और नल से जल देने के साथ-साथ मैंने गरीबों को मुफ्त राशन दिया। तिजोरी खाली कर दी, लेकिन मैंने पक्का किया कि गरीब के घर में चूल्हा जलता रहना चाहिए, गरीब का बच्चा भूखा नहीं सोने दिया। आज मैं फिर गारंटी दे रहा हूं कि आने वाले 5 साल मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



कोटा में चिकित्सा समुदाय से संवाद करते हुए कोरोना के दौरान मानवता की सेवा के प्रति किए गए कार्यों के लिए उनका अभिनंदन किया। मानव सेवा कार्यों को और गति देने के लिए भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं।

**-ओम बिरला**



आज जसोल स्थित सुविख्यात माता राणी भटियाणी मंदिर में शोभायमान माजीसा की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पावन दर्शन पूजन किया तथा सभी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। पूज्य माजीसा का शुभाशीष हम सभी पर सदैव बना रहे।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# आत्मा की ज्योति

एक बार महर्षि याज्ञवल्क्य और जनक बैठे सत्संग कर रहे थे। जनक जी ने जिज्ञासा व्यक्त की, 'महर्षि हम किसकी ज्योति से देखने की सामर्थ्य प्राप्त करते हैं?' महर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'सूर्य की ज्योति से।' जनक जी ने पूछा, 'जब सूर्य अस्त हो जाता है तो हमें प्रकाश कहां से प्राप्त होता है?' उत्तर मिला, 'चन्द्रमा से।' उन्होंने फिर पूछा, 'अमावस्या की घनी रात में यदि हम वन में भटक जाएं तो कौन प्रकाश का काम देता है?' महर्षि ने कहा, 'तब शब्दों द्वारा हमारा रास्ता प्रकाशमान होता है। दूर खड़ा दूसरा व्यक्ति कहता है भटको नहीं, मेरी आवाज़ को माध्यम बनाकर इधर आ जाओ।' अब जनक जी का अंतिम प्रश्न था, 'महर्षि यदि सूर्य, चन्द्रमा तथा शब्दों का भी अभाव हो, तो हमारा मार्ग प्रशस्त करने को कौन प्रकाश का रूप लेता है?' महर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'आत्मा की ज्योति सर्वोपरि है। जनक जी, हमारी आत्मा सदैव सच्चा रास्ता दिखाने को तत्पर रहती है। आत्मा जैसी अनूठी ज्योति किसी और तत्व में नहीं है।' जनक जी की जिज्ञासा का समाधान हो गया।

---

विश्व पुस्तक दिवस विशेष

सामयिक

# सबसे अच्छी दोस्त की पहचान ही नहीं

**दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'**

**मोबाइल : 7379100261**



हर वर्ष 23 अप्रैल की तारीख विश्व पुस्तक दिवस को समर्पित होती है। सन 1995 में पेरिस में 'यूनेस्को' के अधिकारियों द्वारा इसकी घोषणा की गई थी। यह मूलत: ज्ञान-विज्ञान की संवाहक के रूप में पुस्तक की महत्ता का रेखांकन है। प्रत्येक भूभाग और समाज के लिए यह स्वागत योग्य है। अपने देश की स्थिति पर गौर करें, तो नवें दशक के पूर्वार्द्ध तक किताबें ज्ञान और मनोरंजन के क्षेत्र में अपना दखल रखती थीं। इसके पहले तो यह भी लोकमान्यता थी कि पुस्तक विहीन घर चरित्रहीन घर जैसा होता है। यानी पुस्तकें जीवन में एक ऊंचा मयार रखती थीं। मगर इधर के वर्षों में जो रीडरशिप सर्वे हुए, उससे यह तथ्य उभर कर सामने आया कि पुस्तकों के प्रति जनरुचि निरन्तर घटती जा रही है। बढ़ती साक्षरता दर के बीच कम होता अध्ययनशीलता का सम्बोध एक चौंकाने वाला विपर्यय है, किन्तु यही सच्चाई है।

पश्चिमी देशों में तो हालात और पहले से खराब होने लगे थे। वहाँ नवें दशक तक आते-आते युवावर्ग के व्यवहार में कई एक नकारात्मक परिवर्तन दिखने लगे थे। फलत: शिक्षाविदों और समाजशास्त्रियों के दबाव में इसे केंद्र में रखकर कई सर्वेक्षण हुए, जिससे पता चला कि नई पीढ़ी में किताब पढ़ने की आदत एकदम कम हो गई थी। ज्ञान और मनोरंजन के क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक मीडिया बढ़त बना चुके थे। इसलिए उनके व्यावहारिक जीवन में संवेदना, आत्मनियंत्रण और धैर्य का स्तर काफी कम हो गया था।

वैसे इलेक्ट्रानिक माध्यम की महत्ता से एकदम इंकार नहीं किया जा सकता है, मगर इनकी एक सीमा है। यह विषय के बहिरंग से तो अच्छी तरह परिचित करा सकते हैं, लेकिन अंतरंग का दर्शन कराने में उतने ही कमजोर हैं। इसके विपरीत किताबें हैं, जिनकी पैनी निगाह से जीवन का कोई भी रंग या आयाम अदृश्य नहीं रह पाता है। मनोविज्ञानवेत्ताओं का स्पष्ट मत है कि पुस्तकें सिर्फ ज्ञान और मनोरंजन का ही साधन नहीं हैं, बल्कि यह दिमाग चुस्त-दुरुस्त रखने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। यह व्यक्तित्व लचीला बनाती हैं और जीने के नए-नए तरीके सिखाती हैं। जब हम एक अच्छी पुस्तक पढ़ते हैं, तो यह हमारे लिए नए विचारों, संभावनाओं और संस्कृतियों का ज्ञान अर्जित करने का मार्ग खोल देती हैं।

सर्वेक्षणों से यह निष्कर्ष भी निकला था कि जो किशोर साहित्य नहीं पढ़ते, कम्प्यूटर खेलों और छोटे पर्दे को घूरते हुए अपना समय निकाल देते हैं; वह संवेदना, सौंदर्यबोध और कल्पना के मामले में कमजोर होते हैं। दृश्य माध्यम की एक खामी यह भी है कि यह सोच और व्यवहार के सामूहिक पक्ष को खारिज करके व्यक्तिवादी पक्ष को प्रबलित करता है। नई पीढ़ी में सामाजिकता और सामाजिक मूल्यों के प्रति घटती आस्था तथा व्यक्तिगत हित के लिए कुछ भी कर गुजरने की प्रवृत्ति इसी की देन है। एक तरफ युवावर्ग में मूल्यों का संकट बढ़ रहा था तो दूसरी ओर पुस्तकों के अस्तित्व पर कतरे के बादल मंडरा रहे थे। इस बात से चिन्तित स्पेन की सरकार ने किताबों के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने की दृष्टि से यूनेस्को' को एक प्रस्ताव भेजा था। इसके पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक संघ' भी पुस्तकों के घटते जनाधार को सँभालने के लिए यूनेस्को को आगे लाने का प्रयास कर चुका था। परिणामत: विचार-विमर्श के पश्चात शेक्सपियर और स्पेन के लोकप्रिय लेखक मीगुयेल डी सर्वेन्टाइन की पुण्यतिथि 23 अप्रैल को प्रतिवर्ष 'विश्व पुस्तक दिवस' के रूप में मनाने का फैसला लिया गया था।

अध्ययनशीलता का विकास बचपन में होता है। बाज़ारवाद के इस दौर में बचपन का अर्थ कैरियर की 'साधना' में सिमट गया है। इस विषय में अभिभावकों की मानसिकता सनक का रूप ले चुकी है। बच्चों को विद्यालय, अभिभावक और ट्यूटरों के दबाव में अनचाहे उबाऊ पाठ्य पुस्तकों से जूझना पड़ रहा है। यह स्थिति बच्चों में पुस्तकों के प्रति वितृष्णा पैदा कर देती है और वह स्वभाविक पाठक नहीं बन पाते। यही वह अल्फा पीढ़ी' है, जो टीवी, मोबाइल, कम्प्यूटर, इंटरनेट की दीवानी हो रही है। देश में गत पुस्तक दिवसों पर बुक स्टालों पर कुछ खास हलचल नहीं दिखी थी। फ्रेंड्स डे, वैलेंटाइन्स डे जैसे मौकों पर युवावर्ग में जो उत्साह और प्राविजन स्टोरों पर जैसी खरीददारी दिखती है, उसका दशांश भी पुस्तक दिवस को समर्पित हो जाए तो क्या कहने ! युवावर्ग पुस्तकों से दूर हुआ है तो इसके दुष्परिणाम भी खूब दृष्टिगोचर होने लगे हैं। किशोरों और युवाओं में हिंसा, आक्रोश, आक्रामकता, अवमानना, कामुकता जैसी प्रवृतियों की हैरत अंगेज स्तर पर वृद्धि हुई है।

ऐसा नहीं कि दृश्य माध्यम सिर्फ नकारात्मकता ही सामने ले आ हैं। काफी कुछ सकारात्मक भी इसके जारी सामने आ रहा है। मगर यह जीवन से जुड़ नहीं पा रहा है। मूलत: यह शब्द और चित्र प्रकल्प की प्रभान्वितिजन्य विषमता है। चित्र अपनी चमक-दमक और गतिशीलता से आकर्षित करते हैं, जबकि शब्द हमारे मन में उतरते हैं। एक पाठक शब्द दर शब्द आगे बढ़ते हुए वर्ण्य विषय का मन में एक बिम्ब निर्मित करता है। इससे विषय के साथ उसका गहरा तादात्म और संवाद होता है। पाठक और पठित सामग्री की यह एकात्मकता संस्कार निर्माण की नींव है। विद्वान विचारकों का अभिमत है कि जीवन में आस्था, विश्वास और मूल्यों की स्थापना की सशक्त स्रोत पुस्तकें ही हैं और यही रहेंगी। इसका विकल्प कोई अन्य माध्यम नहीं बन सकता। प्राचीन विचारकों ने तो यहाँ तक कहा है कि पुस्तक जहां रखी होती है, वह स्थान विचारों, सिद्धांतों और अवधारणाओं का संगम होता है। हमारी दिमागी क्षमता के लिए पुस्तकें प्रोटीन का काम करती हैं। संभवत: इसीलिए कहा गया है कि पुस्तकें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। इस दृष्टि से हमारी दिनचर्या में किताबों की वापसी हमारी प्राथमिकता बनानी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सूचना क्रांति के इस दौर और इलेक्ट्रानिक माध्यम की चकाचौंध के बीच भी शब्दों की महत्ता न घटी है और न घटेगी। क्योंकि शब्द ही हैं जो हमें जहां हम हैं, उससे आगे निकलने की राह दिखाते हैं। इसी आधार पर भारतीय मनीषा शब्द को ब्रह्म कहकर समादृत करती आई है। शब्दों की इसी महत्ता को रेखांकित करके किताबों को पुन: जनाधार देने का उपक्रम है-'विश्व पुस्तक दिवस' ! मगर इस उद्घोषणा का महत्व तभी होगा, जब देश के पुस्तक बाज़ार में इसको लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखेगी।

पुस्तकों के प्रति घटती जनरुची के संदर्भ में अक्सर उसकी कीमत को दोष दिया जाता है। लेकिन तीन-चार हजार का जूता खरीदने वालों को चार-पाँच सौ रुपये की किताबें क्यों मंहगी लगती हैं, यह समझ से परे की बात है। वास्तव में मामला मंहगाई का नहीं, प्राथमिकता का है। हम मंहगे उपहार देते हैं, उसमें एक-दो पुस्तकें क्यों नहीं शामिल की जा सकती हैं ? यह महत्वपूर्ण आयोजन तब तक अर्थहीन है, जब तक हम पुस्तकों की तरफ नहीं लौटेंगे। अगर हम संकल्प लें कि रोज कुछ न कुछ पढ़ना है त इससे बच्चे और किशोर भी प्रेरित होंगे।

एक बार यह सिलसिला चल निकलने की देर है, फिर किताबें अपना पुराना जनाधार प्राप्त कर लेंगी और इसी के साथ कई प्रकार के मनो-सामाजिक द्वन्द्व और उससे पैदा होने वाली समस्याओं में कमी आनी शुरू हो जाएगी।

---

विश्व पुस्तक दिवस विशेष

नजरिया

# ई-पुस्तकों तक पहुंच आसान, पर पढ़ने का सुकून मुद्रित पुस्तकों से

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**मोबाइल : 82374 17041**




**ई-पुस्तकें और मुद्रित पुस्तकों के बीच चयन आखिर हमारा व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन जब हम वैश्विक तौर पर पाठकों की पसंद देखते हैं तब पता चलता है कि, मुद्रित पुस्तकें दुनिया भर के शौकीन पाठकों के दिलों में एक बहुत ही विशेष स्थान रखती हैं। जबकि ई-पुस्तकों का अलग लाभ हैं, अब पाठकों को इन दोनों के संभावित खूबियों/कमियों के प्रति जागरूक रहकर अपनी मांग अनुसार, एक संतुलन बनाना चाहिए जो उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और पढ़ने की प्राथमिकताओं के लिए सबसे उत्तम हो।**

विश्व ज्ञान, आत्मीय शांति, योग्य मार्गदर्शन, समय का सदुपयोग, प्रेरणा, प्रोत्साहन, मददगार, समस्याओं का हल, नवचेतना, नवनिर्मिति, जागरूकता, अद्यतन, बेहतर साथी, सफलता, गुरु, सलाहकार जैसे अनेक मूल्यवान गुणों का सार होती है पुस्तकें। आज के आधुनिक युग में यांत्रिक संसाधनों ने दुनिया भर तक हमारी पहुंच आसान कर दी है। हर ओर जानकारी और सूचना की बाढ़ आ गई है। पुस्तकों को ज्ञान का मुख्य स्त्रोत कहा जाता है, जीवन में सफल होने के लिए किताबों का बेहतर साथ आवश्यक होता है। पुस्तकें मनुष्य के जीवन के आरंभ से अंत तक निस्वार्थ साथ देते हुए पथ-प्रदर्शक की भूमिका में होते है। किताबों से दोस्ती करने वाला इंसान हमेशा खुश और ज्ञानी बना रहता है, जिससे जीवन में मुश्किलें कम होती है। इंटरनेट के द्वारा पुस्तकें बस एक क्लिक पर मौजूद है, जब चाहे तब कहीं पर भी, कभी भी हम ई-पुस्तकें पढ़ सकते हैं, संग्रहीत कर सकते है। हर साल 23 अप्रैल को पुस्तकों के महत्व को समझकर पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्व पुस्तक व प्रकाशनाधिकार दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम रीड योर वे है, यह थीम पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में चयन और आनंद के महत्व पर जोर देती है। जीवन में पुस्तकों का स्थान अतुलनीय है, एक अच्छी पुस्तक सौ दोस्तों के बराबर होती है। जिसने किताबों के महत्व को जान लिया है, वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। पुस्तकों के सहयोग से हम जीवन में विश्व के हर क्षेत्र का सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

किताबें पढ़ने की आदत मनुष्य के जीवन को लगातार विकसित करता हैं। मस्तिष्क तेज होकर स्वयं विचार कर कुछ नया ज्ञान खोजने की शक्ति मिलती हैं। पढ़ते रहने से हम अधिक होशियार होते जाते है। लिखने का कौशल, भाषा कौशल सुधरता है, फोकस और एकाग्रता बढ़ती है, हम जीवन में अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हैं, हम अपने समय का सही इस्तेमाल कर पाते हैं, नयी जानकारी और ज्ञान मिलता है, पढ़ने से तनाव कम होता है, हमेशा हम अद्यावत और जागरूक बने रहते है और पढ़ने से अच्छी नींद आती हैं। भूलने की बीमारी से काफी हद तक दूर रहते हैं।

डिजिटलीकरण के कारण हर कोई अपनी मांग और सुविधा अनुसार पुस्तकों को ऑनलाइन पढ़ सकता है, ऑनलाइन के द्वारा हम दुनिया से हर समय जुड़े रहते हैं। पाठकों की रुचि अनुसार, दुनियाभर के विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बहुत से प्रकाशक, कंपनी, शैक्षणिक संस्थान, पेशेवर, ईबुक विक्रेता, सरकारी पोर्टल अपनी वेबसाइट पर डिजिटल स्वरूप में पुस्तक अपलोड करते हैं, ताकि पाठकों तक ई-पुस्तकें पहुंच सकें। पढ़ने का समय बचाने के लिए ऑडियो बुक्स भी डिजिटल मार्केट में उपलब्ध हैं।

ई-पुस्तकें बहुत आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन वे कागजी पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकतें। बहुत से लोग ऑनलाइन पुस्तकें तो डाउनलोड करते है, लेकिन उसे पूरा पढ़नेवाले बहुत कम होते हैं। यह ई-पुस्तकें हमें पढ़ने के लिए कागजी पुस्तकों की तरह प्रेरित नहीं करती, बल्कि बहुत बार बोझिल महसूस होती हैं। कागजी पुस्तकों की भांति ई-पुस्तकों से लगाव या प्रेरणा की कमी लगती हैं, इनसे हम भावनिक रूप से जुड़ नहीं पाते। कागजी पुस्तकें पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्य सहायक है। ई-पुस्तकों में हम अधिकतर सिर्फ सीमित सूचनाओं को पढ़कर फिर भूल जाते हैं, जबकि कागजी पुस्तकों में पढ़ते वक्त विषय की गहराई में जाकर समस्या का हल ढूंढते हैं, पूरी किताब पढ़ते हैं, जिससे पुस्तक का पूरा ज्ञान हमें हमेशा याद रहता हैं और यही पुस्तक का उद्देश्य होता है कि उसके ज्ञान का पूरा फायदा पाठकों तक पहुचें। जबकि अधिकतर पाठकों द्वारा ई-पुस्तकों में केवल काम निकालने लायक ही जानकारी खोजी जाती हैं। कागजी पुस्तकें पेड़ कटवाते हैं, लेकिन ई-पुस्तकें भी बिजली खर्च करवाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते है, तकनीकी खराबी भी एक समस्या है, और ऊपर से मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप का ई-कचरा पर्यावरण के लिए पहले से ही घातक स्तर पर पहुंच चूका हैं।

जिसे पढ़ना आता हैं, चाहे वह निर्धन ही क्यों न हो, वह कही पर भी पुस्तकें पढ़ सकता है, सार्वजनिक पुस्तकालयों में जा सकता हैं, वहां की पुस्तकें पढ़ सकता है। परन्तु ई-पुस्तकें पढ़ने के लिए विशेष यांत्रिक संसाधन और कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए आर्थिक खर्च और कुछ प्रशिक्षण की जरुरत होती हैं, जैसे :- कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, बिजली, इंटरनेट और तकनिकी कौशल। जबकि कागजी पुस्तकों में यह चीजें आवश्यक नहीं। कक्षाओं में विद्यार्थियों को कागजी पुस्तकों से पढ़ाना आसान होता हैं जबकि ई-पुस्तक से पढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर का खर्च वहन करना पढता हैं।

पुस्तकों का ज्ञान आत्मसात करने के लिए पढ़ते वक्त ध्यान और नजर पुस्तक पर एकाग्र करनी होती हैं, परन्तु इलेक्ट्रॉनिक साधनों की स्क्रीन पर लगातार ध्यान केंद्रित करना कुछ समय पश्चात तनाव, सिरदर्द, दृष्टिदोष का कारण हो सकता हैं, क्योंकि कंप्यूटर की स्क्रीन आँखों की रोशनी को प्रभावित करती हैं। ई-पुस्तक की आसानी से उपलब्धता, समय की बचत, आसान संग्रहण होने के बावजूद पुस्तक का मुख्य उद्देश्य पुस्तकों में मौजूद पूरा ज्ञान पाठकों द्वारा आत्मसात करना यह कागजी पुस्तकों के मुकाबले ई-पुस्तक में पूर्णता नजर नहीं आता। संकटमय काल में या थोड़े समय के लिए ऑनलाइन अध्ययन वरदान हैं, लेकिन दीर्घ काल में यह शारीरिक और मानसिक समस्या निर्माण कर सकता हैं। यांत्रिक साधनों के लगातार बढ़ते उपयोग से हम उन संसाधनों पर आश्रित होने लगे हैं, अब तो हमें अपनों के मोबाइल नंबर तक याद नहीं रहते। इससे हमारी सोचने-समझने की शक्ति-याददाश्त कमजोर हो रही है, यह आधुनिकता का बहुत बड़ा दोष है। आज तक किसी भी शोध या सर्वेक्षण में मुद्रित किताबें पढ़ने से होने वाली कोई समस्या या नुकसान सामने नहीं आया है, लेकिन कोरोना के समय में ऑनलाइन अध्ययन द्वारा कई शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याएं सामने आई हैं।

ई-पुस्तकें और मुद्रित पुस्तकों के बीच चयन आखिर हमारा व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन जब हम वैश्विक तौर पर पाठकों की पसंद देखते हैं तब पता चलता है कि, मुद्रित पुस्तकें दुनिया भर के शौकीन पाठकों के दिलों में एक बहुत ही विशेष स्थान रखती हैं। जबकि ई-पुस्तकों का अलग लाभ हैं, अब पाठकों को इन दोनों के संभावित खूबियों/कमियों के प्रति जागरूक रहकर अपनी मांग अनुसार, एक संतुलन बनाना चाहिए जो उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और पढ़ने की प्राथमिकताओं के लिए सबसे उत्तम हो।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**



चुनावी जनसभा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को छत्तीसगढ़ के बालोद में एक चुनावी जनसभा में।

# नेपाल: हिमस्खलन के कारण बीरेंद्र झील में उफान, एहतियाती उपाय किये गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू। माउंट मनास्लू की ढलानों से रविवार सुबह एक बड़ा हिमस्खलन हुआ, जो उत्तरी नेपाल में चोटी के नीचे स्थित बीरेंद्र झील में गिरा, जिससे झील उफान पर आ गई।

अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी तरह की क्षति या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, क्योंकि यह स्थल मानव बस्ती से दूर स्थित है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टाराई ने कहा कि हालांकि, इसके चलते नदी के जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने नदी के निचले इलाकों के आसपास रहने वाले निवासियों को एहतियाती नोटिस जारी किये हैं और गोरखा में बुढ़ी गंडकी नदी के आसपास रहने वाले लोगों को बढ़ते जल प्रवाह के संभावित खतरों के कारण सतर्क रहने की चेतावनी भी जारी की है। भट्टाराई ने कहा कि बाढ़ से काफी नुकसान हो सकता है और इस संभावना के बीच, हमने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से समय पर एहतियाती उपाय करने की अपील की है।

महावीर जयंती



हैदराबाद में केंद्रीय पर्यटन मंत्री और तेलंगाना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शनिवार को महावीर जयंती समारोह में भाग लिया।

# बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल!

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बन सकता है। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं, जिनकी स्क्रिप्ट का काम पूरा हो गया है। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाने वाले हैं।उन्होंने बताया- लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे लिए दो फिल्मों की कहानी को लिखा है, जिसमें एक राउड़ी राठौर 2 है और एक बजरंगी भाईजान 2 है। राउड़ी राठौर की स्टारकास्ट को लेकर विचार चल रहा है, जबकि बजरंगी भाईजान की स्क्रिप्ट अभी सलमान खान को सुनना बाकी है। इसके बाद देखा जाएगा कि क्या होता है।



# जेएनयू में 'मुफ्तखोरों' की समस्या है : कुलपति पंडित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने कहा है कि जेएनयू मुफ्त के भोजन-आवास की सुविधा भोगने वालों का सामना कर रहा है और यह स्थिति निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विद्यार्थियों एवं अवैध रूप से रहने वाले अतिथियों की वजह से उत्पन्न हो रही है। पंडित ने संसद मार्ग स्थित 'पीटीआई-भाषा' के मुख्यालय में संपादकों को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने छात्रावास प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी विद्यार्थी को पांच साल से अधिक समय तक छात्रावास में रहने की अनुमति न दी जाये। करदाताओं के पैसों पर विश्वविद्यालय परिसर में मुफ्तखोरों के रहने-खाने के आरोपों पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में पंडित ने कहा, आप बिल्कुल सही (कह रहे) हैं, हमारे यहां 'मुफ्तखोरों' की समस्या है।

जेएनयू से पढ़ाई कर चुकी पंडित (61) ने कहा कि यह समस्या तब भी थी जब वह छात्रा थीं, लेकिन अब यह और बढ़ गई है। उन्होंने कहा, जब मैं वहां थी, तो कई ऐसे छात्र थे जो विश्वविद्यालय में रुके हुए थे, लेकिन ऐसे छात्रों की संख्या बहुत कम थी...कुछ छात्र...सब कुछ मुफ्त और सब्सिडी वाला चाहते हैं...यहां तक कि लोकसभा कैंटीन भी जेएनयू कैंटीन से महंगी है, लेकिन हमारे समय में शिक्षक बहुत सख्त होते थे। पंडित ने कहा, मेरे शोध का निरीक्षण करने वाले प्रोफेसर ने मुझसे कहा था कि यदि आप इसे साढ़े चार साल में पूरा नहीं करेंगी, तो आप बाहर हो जाएंगी। मैं जानती थी कि वह मेरी 'फेलोशिप एक्सटेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे... मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में इसमें बदलाव आया है। कुछ प्रोफेसर ने इस तरह के विस्तार की अनुमति दी और इस तरह आज यह संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा, कैंपस में ऐसे भी अतिथि हैं जो अवैध रूप से रह रहे हैं, जो जेएनयू के छात्र भी नहीं हैं, लेकिन यहां आते हैं और रहते हैं। वे या तो यूपीएससी या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं... उनके लिए, जेएनयू रहने की सबसे सस्ती जगह है... दक्षिण पश्चिम दिल्ली में आपको हरियाली वाला, दो हजार एकड़ में फैला हुआ, ढाबों और सस्ते भोजन के साथ ऐसा आवास कहां मिल सकता है। इस मुद्दे के समाधान के लिए उनके प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर पंडित ने कहा, अब हम इसे काफी हद तक नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं...हमारे लिए कमरों में जाना बहुत मुश्किल है... हम अभी भी मानदंडों का पालन करते हुए ऐसा करते हैं। हम विद्यार्थियों से अपील करते हैं यदि वे कोई अतिथि ला रहे हैं तो कम से कम सूचित करें। उन्होंने कहा, हमने छात्रावास प्रशासन पर भी सख्ती कर दी है कि वह किसी भी छात्र को पांच साल से अधिक न रहने दे। हम अब आईडी कार्ड अनिवार्य कर रहे हैं... हम विद्यार्थियों से कहते हैं कि वे हर समय आईडी कार्ड अपने साथ रखें और मांगे जाने पर उन्हें दिखाएं। जेएनयू ने 2019 में छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से 2.79 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि की एक सूची जारी की थी, जिससे विभिन्न हलकों में हंगामा मच गया था। विश्वविद्यालय में 2019 में भी उस वक्त बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था, जब उसने शुल्क वृद्धि की थी।

# मालदीव की संसद के लिए मतदान शुरू, भारत और चीन की करीबी नजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

माले। मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हो गया। इसके अस्थायी परिणाम देर रात तक घोषित किए जाने की संभावना है। यह चुनाव देश के मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है।

मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। ऐसे में भारत और चीन मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं। मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ गई। मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। राष्ट्रपति के लिए संसद में बहुमत हासिल करना कठिन होगा क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं तथा अधिक संख्या में दल चुनावी दौड़ में शामिल हो गए हैं। छह राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों ने संसद की 93 सीट के लिए 368 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जनसंख्या वृद्धि संबंधी समायोजन के बाद ये पिछली संसद की तुलना में छह सीट अधिक हैं। लगभग 2,84,000 लोग मतदान करने के पात्र हैं और अस्थायी परिणाम रविवार देर रात घोषित होने की संभावना है।

राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू का चुनाव अभियान 'भारत को बाहर करो' थीम पर आधारित था, जिसमें उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक महत्व देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया था।

मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे और वे भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करने के साथ ही समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव कार्य में सहयोग करते थे।

भारत और मालदीव के बीच रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब अनेक भारतीय लोगों ने सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन का बहिष्कार करने का अभियान शुरू कर दिया।

दरअसल मालदीव के तीन उपमंत्रियों ने लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार को लेकर उनके बारे में अपमानजनक बयान दिए थे, जिसके जवाब में भारत में मालदीव पर्यटन के बहिष्कार का मुहिम चली। मालदीव सरकार के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। मुइज्जू ने इस साल की शुरुआत में चीन का दौरा किया था और चीन से आने वाली पर्यटकों तथा उड़ानों की संख्या में वृद्धि पर बातचीत की थी। मालदीव 2013 में चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल में शामिल हो गया था, जिसका उद्देश्य पूरे एशिया, अफ्रीका और यूरोप में व्यापार तथा चीन के प्रभाव का विस्तार करने के लिए बंदरगाहों और राजमार्गों का निर्माण करना था।



पृथ्वी दिवस

फिलीपींस के क्यूज़ोन शहर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में पुनर्नवीनीकरण सामग्री से बनी पोशाक पहने एक महिला भाग लेती हुई।

# अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई की सड़क दुर्घटना में मौत

मुंबई/एजेन्सी

धनबाद के निरसा में फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई और उनकी बहन एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। इसमें उनके बहनोई राकेश तिवारी की मौत हो गई। हादसे में उनकी बहन सविता तिवारी गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक राकेश तिवारी बंगाल में रेलवे में पोस्टेड थे और बिहार के गोपालगंज से अपनी पत्नी के साथ वापस बंगाल लौट रहे थे। इसी दौरान निरसा बाजार में उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। शनिवार शाम करीब 4 बजे धनबाद जिले के निरसा चौक के समीम पंकज त्रिपाठी के जीजा राजेश तिवारी की कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद राजेश और सरिता को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार से बाहर निकाला और आनन-फानन में दोनों को धनबाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने राजेश को बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन उनकी मौत हो गई। वहीं सरिता आईसीयू में एडमिट है। पंकज त्रिपाठी के बहनोई रेलवे कर्मचारी थे और उनकी पोस्टिंग चितरंजन स्टेशन में थी।

यह भीषण हादसा निरसा एनएच पर हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पंकज त्रिपाठी फ्लाइट से कोलकाता पहुंच गए हैं। इसके बाद, कोलकाता एयरपोर्ट से वे सड़क मार्ग से होते हुए धनबाद के लिए रवाना हो गए। पंकज त्रिपाठी बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने काफी संघर्ष के बाद बॉलीवुड में अपनी खास जगह बनाई है। उनकी गिनती हिंदी सिनेमा के बेहतरीन एक्टरों में होती है।

# पुनः प्रदर्शन में विजय-तृषा की फिल्म ने रजनीकांत को छोड़ा पीछे

मुंबई/एजेन्सी



लोकसभा चुनाव 2024 के कारण अप्रैल में तमिल बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस का क्रेज बनाए रखने के लिए मेकर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने तमिल सुपर सितारे थलापति की 20 साल पुरानी फिल्म गिली को प्रदर्शित किया है। इस फिल्म में उनके साथ तृषा कृष्णन हैं। इस फिल्म को न सिर्फ तमिल बल्कि अन्य भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया गया है। यह फिल्म 20 अप्रैल को रिलीज हुई और पहले ही दिन प्री-सेल्स में लगभग 8 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया।

'गिली' ने तमिलनाडु में 4.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। जबकि कर्नाटक में 30 लाख और बाकी भारत में 20 लाख। इस तरह फिल्म ने भारत में कुल 4.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। 'गिली' ने तमिल बॉक्स ऑफिस पर इस साल रिलीज हुई 'लाल सलाम' और 'अयालान' को भी पछाड़ दिया है। 'गिली' कनाडा, मलेशिय, फ्रांस, यूरोप और अन्य देशो में कुल तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस फिल्म ने कुल 7.75 करोड़ रुपए पहले ही दिन कमा लिए। ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि फिल्म और अच्छा परफॉर्म करेगी। थलापति विजय और तृषा दोनों ही स्टार कलाकार हैं। तृषा कृष्णन और थलापति विजय ने बीते साल रिलीज हुई 'लियो' में साथ काम किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। खास बात है कि 'गिली' ने 17 अप्रैल को अपने 20 साल पूरे किए। यह फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी, उस समय में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ 50 करोड़ रुपए की कमाई की थी। दोबारा रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'गिली' तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू की हिट फिल्म 'ओक्काडु' की रीमेक है। तमिल फिल्म सिनेमाघरों में 200 दिनों तक चली और 2004 में ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी।



# 'वेलकम टू द जंगल' हुई दो स्टार्स की एंट्री!

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गयी है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब क टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गयी है।इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी।

बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'वेलकम टू द जंगल' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

# कालबेलिया लोक नृत्यांगना गुलाबो सपेरा को 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मिला सम्मान

मुंबई/एजेन्सी



बच्चों के गायन रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' के नवीनतम एपिसोड में कालबेलिया लोक नर्तकी और पद्म श्री गुलाबो सपेरा को सम्मानित किया गया। 'श्रीमती स्पेशल' एपिसोड में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इन महिलाओं में गुलाबो सपेरा, निर्मला पापड़ वाली और भारतीय नौसेना की अनुभवी कमांडर प्रभा लाल समेत अन्य शामिल हैं। 'दो और दो प्यार' की स्टार कास्ट विद्या बालन और प्रतीक गांधी को भी शो में खास मेहमान के तौर देखा गया। हावड़ा के राजदीप घोष ने अपनी टीम के कप्तान पवनदीप राजन के साथ फिल्म 'सफर' के गीत 'जिंदगी का सफर' के प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। राजस्थान के एक खानाबदोश परिवार में जन्मी गुलाबो सपेरा तमाम बाधाओं को पार करते हुए एक सनसनीखेज लोक नर्तकी के रूप में उभरी और देश का गौरव बन गईं। उनकी जीवन यात्रा सुनकर सुपर जज नेहा कक्कड़ बहुत प्रभावित हुईं।

भावुक नेहा कक्कड़ ने कहा, गुलाबो की कहानी सुनने के बाद हम सभी प्रभावित हैं और उनके प्रयासों के लिए उनकी सराहना करना चाहते हैं।

ये परफॉर्मेंस गुलाबो की कहानी से मिलती-जुलती लगी। जब पवनदीप राजन ने गाना शुरू किया तो मैंने अपना पूरा ध्यान इस भावपूर्ण प्रस्तुति के प्रत्येक शब्द पर लगा दिया।'' नेहा ने आगे कहा, आपके पास एक सरल व्यक्तित्व और एक स्थायी आवाज है, जो आपके प्रदर्शन में झलकती है। इसका दिल से सीधा संबंध है। भगवान आपका भला करें। और राजदीप, आप गाने को जीते हो; यह एक दिल छू लेने वाला प्रदर्शन था।

कैप्टन मोहम्मद दानिश ने कहा, ''मैं प्रार्थना कर रहा था कि प्रदर्शन जारी रहे और खत्म न हो, सेट पर माहौल काफी शांत है, यह पवन दा और राजदीप के प्रदर्शन का जादू है। कुल मिलाकर यह एक शानदार प्रदर्शन था और राजदीप भाई, आपकी गायकी को सलाम। इसे जारी रखो।'' 'सुपरस्टार सिंगर 3' शनिवार और रविवार को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# 'कल्कि 2898 एडी' के नये पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के नये पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अमिताभ के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है।नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफ़ेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित 'कल्कि 2898 एडी' बहुभाषी फिल्म है।



# प्रेरणा सिंह ने बताया, 'मीठा खट्टा प्यार हमारा' का किरदार 'सजीरी' क्यों है उनके दिल के करीब?

मुंबई/एजेन्सी



अपकमिंग शो 'मीठा खट्टा प्यार हमारा' में 'सजीरी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्रेरणा सिंह ने अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। शो में अविनाश मिश्रा और आर्ची सचदेवा भी हैं। पुणे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में सजीरी (प्रेरणा द्वारा अभिनीत) नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो आसानी से दोस्त बन जाती है, भरोसेमंद है और उसे हमेशा फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। प्रेरणा ने शो के बारे में कहा कि मीठा खट्टा प्यार हमारा' शो का हिस्सा बनने के लिए आभारी होने के साथ-साथ मैं उत्साहित भी हूं। उन्होंने कहा कि सजीरी की भूमिका के लिए मैंने शो के निर्माताओं से संपर्क किया। मैंने सोचा कि इसे आजमाना उचित है क्योंकि सजीरी और प्रेरणा में समान गुण हैं। एक किरदार के रूप में सजीरी दर्शकों को पसंद आएगी, दर्शकों को उसकी मासूमियत देखने को मिलेगी और वह हर स्थिति को मुस्कुराहट के साथ संभाल लेती हैं। प्रेरणा ने कहा कि मुझे सजीरी का किरदार निभाने में मजा आ रहा है। सजीरी मेरे दिल के बहुत करीब है।

यह शो सजीरी और शिवम की पेचीदगियों और समीकरणों पर भी केंद्रित है और दिखाएगा कि जब वह खाना बनाती है तो सजीरी का आत्मविश्वास कैसे जीवंत हो जाता है, क्योंकि वह भविष्य में शेफ बनने की उम्मीद करती है। 'मीठा खट्टा प्यार हमारा' का प्रीमियर 24 अप्रैल को शाम 6.30 बजे स्टार प्लस पर होगा।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शक्ति सम्पन्न बनने के लिए साधना जरूरी है, साधना के लिए सरलता, विनम्रता चाहिए। अटूट श्रद्धा, एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता होने से मंत्र को साधा जा सकता है। मानसिक, शारिरिक, भावनात्मक शांति में मंत्र उपयोगी साधन बनता है। श्रावक समाज को नेम और फ्रेम की बनिस्पत संघ और संघपति की सेवा में सलग्न बनना चाहिए। थीटा, बीटा आध्यात्मिक मंत्र साधना से अल्पा तरंगों में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रमाद, निन्दा, कुरूतियाँ दूर हो जाती हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि मैं शक्ति सम्पन्न बनू। जैन धर्म प्राचीनतम धर्म है।



# चेन्नई में सामूहिक रूप से मनाया गया महावीर जन्म कल्याणक

## अनेक संस्थाओं ने किया समाजसेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन एकता का प्रतीक श्री जैन महासंघ, चेन्नई के तत्वावधान में 24वें तीर्थंकर श्री श्रमण भगवान महावीरस्वामी का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्रसुदी त्रयोदशी, रविवार को भव्यातिभव्य माहौल में श्रमण-श्रमणी भगवन्तों की निश्रा में चारों सम्प्रदायों के श्रावक- श्राविकाओं द्वारा उत्साह, उमंग से मनाया गया।

इस मौके पर संतों ने भगवान महावीर के जन्म कल्याण की विशेषताएं बताई। भगवान महावीर की वाणी को आत्मसात किया जा सकता है। प्रभु महावीर के सिद्धांत अंधियारे में उजाले की लौ जलाते है। महावीर ने विश्व को अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह, अभयदान के सूत्र दिये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश मुनिश्वरनाथ भण्डारी, प्रधानलेखाकार नवीन सिंघवी आदि उपस्थित थे। उनका महासंघ की ओर से सम्मान किया गया। अतिथि आनंदमल चौपड़ा, आईपीएस अधिकारी अंकित जैन आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सुबह श्री जैन नवयुवक मंडल द्वारा कोण्डितोप से प्रभात फेरी निकाली गई एवं 6-30 बजे जिनालयों में जन्माभिषेक, स्नात्र महोत्सव, बड़ी पूजाऐं एवं भव्य अंगरचना हुई। सुबह 8 बजे बिन्नी मिल, नार्थ टाउन से भव्य रथयात्रा, विभिन्न झांकियां, विविध संगीत मंडलों द्वारा भक्ति गीत एवं अनेकों बेंन्ड बाजों के साथ ढोल नगाड़ों से शहर के अनेक राजमार्गों से गुजरती हुई शोभा यात्रा श्री जैन दादाबाड़ी, अयनावरम पहुंची। शोभायात्रा की व्यवस्था मंडल शिरोमणि श्री चन्द्रप्रभु जैन सेवा मंडल ने की। ?

शोभायात्रा का अध्यक्ष प्यारेलाल पितलिया, पन्नालाल सिंघवी आदि द्वारा जैन ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया गया। अयनावरम स्थित श्री जैन दादाबाड़ी प्रांगण में 10 बजे सभी मंचाचीन गणमान्यगणों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। धर्मसभा की शुरुआत में महिलाओं द्वारा समूह सामायिक की गई। अध्यक्ष श्री प्यारेलाल पितलिया ने स्वागत स्वर प्रस्तुत किये।

प्रशासनिक सेवा कार्य के लिए काउन्सलर श्री राजेशजी जैन (रंगीला) का अपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री गौतमचन्द कांकरिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन बिपिन सतावत ने किया। रात्रि कार्यक्रम में भक्ति विनीत गेमावत एण्ड पार्टी मुम्बई द्वारा की गई। जिसमें जैन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।






# कोयम्बटूर में मनाई गई महावीर जयंती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। कोयम्बटूर में महावीर जन्म कल्याण पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यहां आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ द्वारा संचालित बड़ा सुपार्श्वनाथ मंदिर में रविवार को शासनपतिश्री प्रभु महावीर के 2623वां जन्म कल्याणक के मौके पर भव्य



शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें आचार्य श्री उदयप्रभसूरीश्वरजी के शिष्य पन्यास प्रवर अर्पण विजयजी, खरतरगच्छ समुदाय के गच्छाधिपति आचार्यश्री मणिप्रभसूरीजी एवं साध्वी सुलोचनाश्रीजी की शिष्या साध्वीश्री सौम्यांजनाश्रीजी के सान्निध्य में शोभायात्रा शुरु हुई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए धर्मसभा स्थल पहुंची। जहां मंदिर के अध्यक्ष गुलाबचन्द मेहता ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मंदिर के अनेक सदरस्य उपस्थित थे। संतों ने प्रवचन में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक की विशेषताएं बताई। स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी अरिहंत कॉपर्स समूह के भंडारी परिवार रहे।



# महावीर जयंती पर बच्चों में बांटे टिफिन बॉक्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। श्री वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबटूर) के तत्वावधान में उपनगर ओराट्टूकुप्पै के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 2623वां भगवान महावीर जन्मकल्याणक समारोह रूप में मनाया गया।

संघ के संरक्षक ज्ञानचंद खारीवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र रांका रहे व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी दिलीप सेठिया व राजेश कुमार मुथा रहे। मुख्य अतिथि महेंद्र रांका द्वारा दीप प्रज्वलन से समारोह प्रारंभ हुआ।

समारोह में जैन मुनि बने दो बाल आकर्षण के केन्द्र रहे। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। अन्नदान किया गया। सभी विद्यार्थियों को एक टिफिन बॉक्स उपहार स्वरुप दिया गया।



# कलबुर्गी में महावीर जन्मकल्याणक की शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

कलबुर्गी/दक्षिण भारत। शहर के पार्श्वनाथ जैन संघ में तत्वावधान में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में तीर्थकर भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के दिवस पर विराट रथयात्रा एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि भगवान महावीर भारत वर्ष के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के अस्मिता के केन्द्र है। जो दूसरों के भले की सोचता है उसकी भले की स्वयं भगवान चिंता करते है। जीवन में हमेशा दूसरों के लिए अच्छा व हितकारी सोचना चाहिए। जीवन में कभी भी नकारात्मकता को धारण नहीं करना चाहिए अपितु सकारात्मकता का दामन ही थामे रखना चाहिए। भगवान महावीर की सबसे बड़ी शिक्षा है कि हमें दूसरों के लिए उपयोगी बनना चाहिए। धन कमाने के ज्यादा उसकी उपयोगिता उसके दान व उपयोग में है। आचार्यश्री ने कहा कि भगवान महावीर हमेशा दूसरों के लिए जीते रहे हमें भी प्रभु का अनुसरण करते हुए अपने साधर्मिकों के लिए उत्थान के लिए जीवन जीना चाहिए।

महावीर जयंती — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के माधावरम् स्थित जीएनटी रोड पर बने आदिनाथ आशीर्वाद अपार्टमेंट में भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक के मौके पर 1500 बूंदी के लड्डु और लगभग तीन हजार छाछ गिलास का वितरण किया गया। इस मौके पर अपार्टमेंट के हसमुख रांका, प्रमोद बाफना, सुगनचन्द सांखला आदि के सहित अनेक सदस्यों ने वितरण में सहयोग किया।

महावीर जयंती — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




मायावरम् में भगवान महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर रविवार को बस स्टैंड पर महावीर भक्त मंडल द्वारा लगभग 2 हजार गिलास छाछ का वितरण किया गया। छाछ वितरण में मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे। सुबह सुमतिनाथ जैन मंदिर से शोभायात्रा भी निकाली गई।

सुन्दर कांड पाठ — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरुपुर में रविवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मां दुर्गा भक्त मंडल द्वारा सुन्दर कांड पाठ केपीएन कॉलोनी के पडिंआर कल्याण मंडपम में हुआ। मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा और उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए सुन्दर कांड पाठ का शुभारंभ गणेश वंदना और मंत्रोच्चार के साथ किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

महावीर जयंती — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में रविवार को भगवान महावीर जन्मकल्याणक के मौके पर मिठाई वितरण किया गया। समारोह में नाकोड़ा ओसवाल जेन ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीरचंद बाफना, नाकोड़ा युवक मंडल के अध्यक्ष विकास धारीवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। लाभार्थी परिवार महावीर चंद हेमंत कुमार बाफना ने लाभ लिया। नगर में आयोजित भगवान महावीर शोभा यात्रा के एक पड़ाव पर मंडल द्वारा मिठाई एवं शीतल पेय जल प्रदान किया गया। मंडल के सदस्य भी शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।



# महावीर जन्मकल्याणक मनाया, मतदान के लिए आयोजित की जागरुकता रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरू। शहर के महावीर जिनालय में प्रभु महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मैसूरू जीतो चैप्टर ने भी इस आयोजन में सहयोग दिया। सबसे पहले भगवान महावीर स्वामीजी की पक्षाल पूजा के साथ श्री सुमतिनाथ महिला मंडल के सदस्याओं ने महावीर जन्मकल्याणक पूजा पढाई। पूजा के बाद आई हॉस्पिटल से शोभायात्रा निकाली गई। बाद में अस्पताल में अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मैसूरू जीतो द्वारा लोकसभा चुनाव में वोट देने की अपील के लिए वाहन में जागरुकता रैली निकाली गई । जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी गण एवं जीतो चैप्टर के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। वाहन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर वोट के लिए निवेदन किया। इस मौके पर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष वसंत जैन, सचिव प्रवीण जैन, खजांची पारसमल जैन, सहसचिव घेवरचंद जैन, ट्रस्टी देवीचंद जैन, डॉ मदनलाल जैन, फूटरमल जैन, जयंतीलाल जैन, कांतिलाल जैन, हंसराज जैन सहित बड़ी संख्या में विभिन्न सभा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे। जैन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मैसूरू जीतो चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में मनाए गए महोत्सव में जीतो द्वारा लड्डू की प्रभावना दी गयी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.